卐 श्री सदगुरू देवाय नमः 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः। आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्।
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम्। वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये।

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 319 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦शनिवार ♦31 अगस्त 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com | 9897427585 | UTTARANCHAL DARPAN | www.uttaranchaldarpan.in

## बिगड़ी कानून व्यवस्था के खिलाफ फूंके सरकार के पुतले

देहरादून/रूद्रपुर/गदरपुर/सितारगंज/शक्तिफार्म/रामनगर(उद ब्यूरो)। बिगड़ी कानून व्यवस्था एवं महिलाओं पर बढ़ते अपराधों के विरोध में कांग्रेसियों ने शनिवार को प्रदेश भर में विरोध प्रदर्शन के बीच भाजपा सरकार का पुतले फूंके। साथ ही राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजकर अपराधों पर अंकुश लगाने एवं महिला सुरक्षा के लिए कड़े कदम उठाने की मांग की। प्रदेश नेतृत्व में आहवान पर प्रदेश भर में विरोध प्रदर्शन एवं पुतला दहन के कार्यक्रम के तहत रूद्रपुर में बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता डीडी चौक पर एकत्र हुए। प्रदेश में बढ़ते अपराधों और महिलाओं पर अत्याचार की घटनाओं के विरोध में





कांग्रेसियों ने जोरदार नारेबाजी करते हुए प्रदेश सरकार का पुतला दहन किया। बाद मे कांग्रेस नेताओं ने जिला प्रशासन के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भी प्रेषित किया। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि उत्तराखण्ड में पिछले कुछ समय से कानून व्यवस्था पूरी तरह बिगड़ चुकी है, हत्या लूट डकैती के साथ ही महिला अपराधों की घटनाएं तेजी से बढ़ रही है। महिलाओं और बेटियों के साथ कई जघन्य अपराध की घटनाएं हो चुकी है, जिसके चलते देवभूमि उत्तराखण्ड में महिलाएं और बेटियां खुद को असुरक्षित महसूस कर रही है। अंकिता भण्डारी हत्याकाण्ड जो पूरे देश में चर्चा में रहा था, इस हत्या काण्ड के असल गुनाहगारों का पुलिस अभी तक खुलासा नहीं कर पायी है। इसके अलावा हेमा नेगी, पिंकी हत्या कांड, चम्पावत में नाबालिग से बलात्कार, मंगलौर में सामूहिक दुष्कर्म, श्रीनगर में युवती से बलात्कार का प्रयास, द्वाराहाट में नाबालिग दलित युवती से बलात्कार, देहरादून में महिला को बंधक बनाकर दुष्कर्म, बहादराबाद में मासूम के साथ सामूहिक बलात्कार के उपरान्त हत्या, रूद्रपुर में नर्स की बलात्कार के बाद हत्या, देहरादून (शेष पृष्ठ सात पर)







## कब्रिस्तान में फांसी पर लटका मिला युवक

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। ग्राम बरा पुलभट्टा में एक युवक संदिग्ध परिस्थितियों में कब्रिस्तान में पेड़ पर फांसी से लटका पाया गया। जानकारी मिलते ही



परिजन वहां पहुंच गये। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव अपने कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भिजवाया। जानकारी के अनुसार ग्राम बरा पुलभट्टा निवासी 38 वर्षीय मकबूल पुत्र महबूब साईकिल रिपेयरिंग का काम करता था। गत रात्रि वह घर से निकला और वापस नहीं लौटा। परिजनों ने उसकी खोजबीन की। शनिवार प्रातः कब्रिस्तान के पास से गुजर रहे लोगों ने कब्रिस्तान में एक पेड़ पर मकबूल को काले कपड़े से बने फांसी के फंदे पर लटका देखा तो वहां लोगों की भीड़ लग गई। मामले की सुचना मिलने पर पुलिस कर्मी भी वहां आ गये। मृतक को पेड़ पर फांसी से उतारा गया उसकी शिनाख्त मकबूल के रूप की गई। जानकारी मिलते ही उसके परिजन (शेष पृष्ठ सात पर)

## युवक की विद्युत करंट से मौत

गदरपुर। शनिवार को सुबह खेत में पानी लगाने गए युवक की करंट लगने से मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार सकैनियां निवासी 32 वर्षीय दाताराम पुत्र रामचंद उम्र 32 वर्ष अपने खेत में सुबह सब्जी को पानी लगाने गया था जहां पानी लगाते हुए खेत मे लगी समर सेवल की तार को जोड़ते समय विद्युत तार की चपेट में आने से दाताराम की मौत हो गई। मौत की सूचना मिलने पर परिवार में कोहराम मच गया। दाताराम के तीन बच्चे 2 लड़किया और 1 लड़का है। वही चौकी इंचार्ज सकेनिया नरेंद्र कुमार ने बताया कि हमें घटना की कोई जानकारी नहीं मिली।



## रिपयेरिंग के लिए ले जाया जा रहा हेलीकॉप्टर क्रैश

रूद्रप्रयाग(उद संवाददाता)। एमआई-17 हेलीकॉप्टर से लिफ्ट करके रिपेयरिंग के लिए ले जाया जा रहा एक हेलीकॉप्टर थारू कैंप के पास वायर टूटने के कारण नदी में जा गिरा। जानकारी के मुताबिक 24 मई को लैंडिंग के दौरान तकनीकी खराबी आने से जिस हेलिकॉप्टर की आपात लैंडिंग करानी पड़ी थी वह शनिवार सुबह क्रैश हो गया। हेली को ठीक करने के लिए वायु सेना के एमआई 17 हेलिकॉप्टर की मदद से हैंग करके गौचर हवाई पट्टी पहुंचाया जा रहा था। इस दौरान एमआई 17 डिसबैलेंस होने लगा। खतरे को भांपते हुए पायलट ने खाली स्थान देखते हुए हेलीकॉप्टर को घाटी में ड्रॉप कर दिया। जिला पर्यटन अधिकारी राहुल चौबे ने बताया कि 24 मई 2024 को क्रिस्टल एविएशन कंपनी में तकनीकी खराबी आने के कारण पायलट की सूझ-बूझ से हेलीकॉप्टर को केदारनाथ हेलीपैड से कुछ पहले ही आपात स्थिति में लैंडिंग कराई गई थी। पायलट की सूझबूझ से हेलीकॉप्टर में सवार सभी यात्रियों की सुरक्षित लैंडिंग हुई थी। शनिवार को हेलीकॉप्टर को ठीक करवाने के लिए गौचर हवाई पट्टी ले जाने की योजना थी, जिसके तहत सुबह करीब सात बजे करीब वायु सेना के एमआई 17 हेलिकॉप्टर से क्रिस्टल एविएशन के हेलीकॉप्टर को हैंग कर गौचर पहुंचाया जाना था। थोड़ा दूरी पर आते ही हेलीकॉप्टर के भार एवं हवा के प्रभाव से एमआई 17 का संतुलन बिगड़ने लगा, जिसके चलते थारू कैंप के नजदीक पहुंचने पर एमआई 17 से हेलिकॉप्टर को ड्रॉप करना पड़ा।क्रैश हुए हेलीकॉप्टर में कोई यात्री और समान नहीं था। सूचना मिलते ही रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची। टीम ने स्थिति का मुआयना किया।




## सड़क हादसे में घायल बाईक सवार ने दम तोड़ा

किच्छा(उद संवाददाता)। बीते दिवस ट्रैक्टर की टक्कर से घायल बाईक सवार युवक की ईलाज के दौरान मौत हो गई। इस मामले में ग्राम आनन्दपुर निवासी गंगा सागर पुत्र चंद्रिका की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी ट्रक्टर चालक के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। गंगा सागर का कहना था कि उसका पुत्र आदित्य कुमार अपने साथी शत्रुघन पुत्र वशिष्ठ प्रसाद निवासी ग्राम आनन्दपुर के साथ मोटरसाईकिल संख्या यूके 06बीएफ2724 से अपने गांव से लालपुर की तरफ जा रहे थे। जब मोटरसाईकिल ग्राम कनकपुर चौराहे के पास पहुंची तभी पीछे से आ रहे ट्रैक्टर संख्या यूके 06 एटी 6427 के चालक ने तेजी से वाहन चलाकर मोटरसाईकिल को पीछे से टक्कर मार दी। (शेष पृष्ठ सात पर)

## पीसीएस अधिकारी बनी बेटियों को किया सम्मानित

### स्व. हरी चन्द्र मिड्डा की स्मृति में किया गया सम्मानित

रुद्रपुर (उद संवाददाता)।शहर की प्रतिभावान पीसीएस अधिकारी बनी बेटियों को एक कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक भारत भूषण चुघ के नेतृत्व में काशीपुर बाईपास रोड स्थित रूद्रा होटल में शहर के वरिष्ठ समाज सेवी स्वर्गीय हरी चंद्र मिड्डा स्मृति चिन्ह भेंट कर उनको सम्मानित किया गया। गौरतलब है कि पिछले दिनों उत्तराखंड लोक सेवा आयोग में रुद्रपुर की पल्लवी ठुकराल, अवनी तिवारी और जसमीत कौर पाहवा ने पीसीएस की परीक्षा उत्तीर्ण की और शहर का मान बढ़ाया जिसके तहत आज स्वर्गीय हरी चंद मिड्डा की प्रथम पुण्यतिथि पर उनकी याद में स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। श्री चुघ ने कहा की शहर की तीन बेटियों ने जिस प्रकार से पीसीएस की परीक्षा उत्तीर्ण कर शहर और परिवार का नाम रोशन किया है वह आने वाले युवाओं को प्रेरणा देगा। उन्होंने कहा कि आज के समय में बेटियां हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं जो गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि जीवन में आगे बढ़ने की ललक ने ही आज इन तीनों बेटियों को इस मुकाम पर पहुंचाया है कि वह एक बड़े अधिकारी के रूप में राज्य में अपनी सेवाएं देगी। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भी राज्य की बेटियां नित नए मकाम छू रही हैं। ऐसे में यह दर्शाता है कि आने वाला कल इन युवाओं के हाथों में रहेगा उन्होंने जसमीत कौर पाहवा ,अवनी तिवारी और पल्लवी ठुकराल के उज्जवल भविष्य की कामना की। स्वर्गीय हरि चंद्र मिड्डा के पुत्रगण बालकृष्ण मिड्डा और रमेश मिड्डा ने कहा कि प्रतिवर्ष उनके पिता की स्मृति में शहर की प्रतिभाओं को (शेष पृष्ठ सात पर)



बम्पर धमाका सेल बम्पर धमाका सेल

हर कम्पनी का माल कम्पनी से कम रेटों पर

1 से 15 सितम्बर 2024 तक

30 % से 50 % तक की भारी छूट

हॉकिन्स, युनाइटिड, प्रेस्टीज एवं पीएनबी के कूकर पर 45% तक विशेष छूट

बोरोसिल,मिल्टन सहित कई कम्पनियों की बोटल्स, कप-प्लेट सहित क्राकरी के सामान पर भारी छूट

हर प्रकार की खरीदारी पर भारी छूट पायें,जल्दी आये और लाभ उठायें

आपके शहर की सबसे पुरानी दुकान 1975 से आपकी सेवा में अब नये पते पर तीन मंजिल शो रूम में पहुंच गई है।

नया पता याद रखें-

गोल्डन एजेन्सीज

178, सिद्धू पैलेस वाली गली, आवास विकास, रुद्रपुर

# सरकार गिराने की 'साजिश' पर सियासत तेज, स्पीकर ले सकती हैं एक्शन?

## पूर्व निशंक के साथ त्रिवेंद्र ने खोला मोर्चा, हरदा ने भी उठायी सर्वदलीय कमेटी गठित करने की मांग

देहरादून( दे ब्यूरो)। उत्तराखंड में 500 करोड़ में सरकार गिराने की साजिश के बयान को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री एवं हरिद्वार सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत ने विधायकों व स्पीकर के रवैये को लेकर गंभीर सवाल उठायें है। वहीं अब पूर्व सीएम हरीश रावत ने उत्तराखंड विधानसभा स्पीकर से सदन की सर्वदलीय कमेटी गठित करने की मांग करते हुए एक पोस्ट साझा की है। हरदा के अनुसार अनुभवी सुपारी किलर के रहस्योद्घाटन, मुख्यमंत्री जी की टिप्पणी के बाद अब दो पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. निशंक और श्री त्रिवेंद्र उस षड्यंत्र की आग जहां जल रही है उसके निकट तक पहुंच चुके हैं, उनको सिर्फ इंतजार है स्पीकर महोदया के एक्शन का और मेरे विचार में भी इसमें सदन की एक कमेटी तो बननी चाहिए जिसमें विपक्ष को भी शामिल किया जाना चाहिए। सदन में कहा है तो केवल खुफिया एजेंसियों पर क्यों निर्भर रहा जाए! जैसा मुख्यमंत्री जी ने कहा है। स्पीकर महोदया बैकअप! दो पूर्व मुख्यमंत्रियों ने ललकारा है। मैं भी आपसे अनुरोध कर रहा हूं कि एक कमेटी गठित करिए। गैरसैण विधानसभा में मानसून सत्र के दौरान सदन में निर्दलीय विधायक उमेश कुमार के सरकार गिराने की साजिश के बयान के बाद प्रदेश में राजनीति गरमा गई है। उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री निशंक के बाद अब पूर्व मुख्यमंत्री और हरिद्वार सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत भी खुलकर सामने आये हैं। त्रिवेंद्र रावत ने खानपुर विधायक उमेश पर निशाना साधते हुए कहा कि उनके बयान की जांच होनी चाहिए। इस तरह के बयानों से कानून व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं। बता दें 500 करोड़ में सरकार गिराने वाले बयान पर त्रिवेंद्र सिंह रावत ने कहा कि विधायक उमेश कुमार के बयान की जांच होनी चाहिए। सरकार और विधायकों को विधायक के इस बयान का खंडन करना चाहिए था। ऐसे बयानों से जनता के मन में सवाल उठते हैं। त्रिवेंद्र ने कहा अगर ये बयान सच है तो ये सरकार के खुफिया तंत्र का फैलियर है। उन्होंने कहा इस मामले में स्पीकर खंडूरी को विधायक से साक्ष्य मांगने चाहिए थे। क्योंकि खानपुर विधायक का ये बयान विधानसभा की कार्यवाही में दर्ज है। ऐसे में ये मामला और भी ज्यादा गंभीर हो जाता है। उधर इस मामले पर गरमाती सियासत के बीच विधानसभा अध्यक्ष ऋतू खंडूरी का बयान भी सामने आया है। विस अध्यक्ष की माने तो विधानसभा अध्यक्ष का पद तटस्थ होता है। सदन में किसी सदस्य की ओर से कोई बात कही जाती है और उस बात को पक्ष विपक्ष उठाता है तो विधानसभा अध्यक्ष संज्ञान लेता है, लेकिन स्पीकर सदन में सदस्य की ओर से अपशब्द कहने या उस सदस्य का जिक्र करने पर जो सदन में मौजूद नहीं है, के बारे में स्वत: संज्ञान लेता है। सदस्य की बात पर पक्ष-विपक्ष कुछ नहीं कहता तो पीठ से विनिश्चय देना नियम विरुद्ध होता है।गौरतलब है कि पूर्व सीएम त्रिवेंद्र सिंह रावत ने पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक के बयान का समर्थन करते हुए कहा, यह 70 विधायकों की साख का सवाल है। सरकार गिराने की साजिश से जुड़े बयान की जांच होनी चाहिए। पूर्व सीएम निशंक ने इस पूरे मामले की जांच की मांग उठाई। अब पूर्व सीएम त्रिवेंद्र सिंह रावत भी मसूरी के कार्यक्रम में डॉ. निशंक के बयान का समर्थन किया। कहा राज्य में भ्रम की स्थिति हो गई है। सरकार गिराने के लिए 500 करोड़ रुपये के मामले पर डॉ. निशंक ने जो कहा, उससे सौ फीसदी सहमत हूं। इस पर किसी भी विधायक ने सदन के अंदर या बाहर अभी तक कोई खंडन नहीं किया। सरकार ने भी अभी तक कोई खंडन नहीं किया। इससे जनमानस में गलत संदेश जा सकता है। जिस व्यक्ति ने यह मामला उठाया और कोई विश्वसनीय व अनुभवी व्यक्ति नहीं है। उसको उत्तराखंड के सरोकारों से कोई लेना देना नहीं है, लेकिन विस में कोई बात उठी है और वह सदन की कार्यवाही का हिस्सा बना है, तो उनसे भी पूछा जाना चाहिए कि इसके प्रमाण दें। हमारा खुफिया तंत्र क्या कर रहा है। स्पीकर अगर मामले में प्रमाण मांगती तो अच्छा होता। वहीं पूर्व सीएम हरीश रावत ने फेसबुक में लिखा, वाह निशंकजी, सरकार गिराने की कथानक पर आपका बयान देखा। बहुत बहादुरी दिखाई। आपने स्पष्ट कहा, सरकार गिराने की साजिश का पर्दाफाश होना चाहिए। यह सरकार गिराने की आग जहां जल रही है, हम तो केवल धुएं को देखकर अंदाजा लगा रहे हैं, लेकिन लगता है कि आप आग के नजदीक तक पहुंच गए हैं।



## दो दिवसीय दौरे पर कल देहरादून पहुंचेंगे उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़

देहरादून(उद संवाददाता)। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ शनिवार को उत्तराखंड दौरे पर रहेंगे। शनिवार को वे देहरदून पहुंचेंगे। उपराष्ट्रपति के दौरे को लेकर पुलिस ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं। एसएसपी ने शुक्रवार को उपराष्ट्रपति के देहरादून आगमन पर सुरक्षा व्यवस्था के लिए लगे पुलिस अधिकारियों की बैठक ली। एसएसपी अजय सिंह ने कार्यक्रम स्थल व वीवीआईपी रुट में बिना गलती के सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। एसएसपी ने बताया कि उपराष्ट्रपति दो दिवसीय भ्रमण कार्यक्रम के तहत देहरादून पहुंच रहे है। एसएसपी ने कहा कि ड्यूटी स्थल और उसके आसपास के स्थान को भली-भांति चैक किया जाएगा। पुलिसकर्मी किसी भी संदिग्ध वस्तु के मिलने पर तत्काल इसकी सूचना उच्चाधिकारियों को दें। बता दें उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ 31 अगस्त से 1 सितंबर तक उत्तराखंड के दो दिवसीय दौरे पर रहेंगे। अपने दौरे के दौरान उपराष्ट्रपति धनखड़ उत्तराखंड के देहरादून में स्थित वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद-भारतीय पेट्रोलियम संस्थान के वैज्ञानिकों, संकाय सदस्यों और छात्रों से बातचीत करेंगे। सूत्रों के अनुसार उपराष्ट्रपति अपने दौरे के दूसरे दिन देहरादून स्थित राष्ट्रीय भारतीय सैन्य महाविद्यालय जाएंगे। उपराष्ट्रपति ऋषिकेश में एम्स का दौरा भी करेंगे।

## बिजली की दरें बढ़ाने की याचिका खारिज

देहरादून। उत्तराखंड में बिजली महंगी नहीं होगी। यूपीसीएल की बिजली दरों में बढ़ोतरी की पुनर्विचार याचिका उत्तराखंड विद्युत नियामक आयोग ने खारिज कर दी है। इस याचिका पर आयोग ने प्रदेशभर से सुझाव लेने के साथ ही 12 अगस्त को जनसुनवाई भी की थी। यूपीसीएल ने अप्रैल में लागू हुई विद्युत दरों पर पुनर्विचार करते हुए 919 करोड़ 71 लाख रुपये की वसूली को आधार बनाते हुए बिजली दरों में 8.54 प्रतिशत (63 पैसे प्रति यूनिट) बढ़ोतरी की याचिका दायर की थी। आयोग ने इसकी स्वीकार्यता पर सीधे कोई निर्णय लेने के बजाए उपभोक्ताओं, हितधारकों से सुझाव मांगे थे। आठ अगस्त तक प्रदेशभर से तमाम लोगों ने इस बढ़ोतरी का विरोध जताया। वहीं, 12 अगस्त को जनसुनवाई के दौरान भी उपभोक्ताओं ने कहा था कि उन्हें हर हाल में महंगी बिजली से आजादी की जरूरत है। आयोग के अध्यक्ष एमएल प्रसाद और सदस्य विधि अनुराग शर्मा की पीठ ने याचिका की स्वीकार्यता पर सुनवाई करने के बाद पाया कि यूपीसीएल की याचिका पुनर्विचार लायक नहीं है। इसमें कोई भी आधार नहीं पाया गया। लिहाजा, आयोग ने इसे खारिज कर दिया है। फिलहाल बिजली दरों में कोई बढ़ोतरी नहीं होगी। अब यूपीसीएल के पास इस निर्णय के खिलाफ अपीलीय प्राधिकरण विद्युत दिल्ली जाने का विकल्प खुला है। हालांकि, यूपीसीएल के एमडी अनिल कुमार का कहना है कि आयोग के निर्णय का अध्ययन करने के बाद ही कोई फैसला लिया जाएगा। ये देखा जाएगा कि आयोग ने किस आधार पर याचिका खारिज की है। अप्रैल में प्रदेश में बिजली की दरों में 6.92 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई थी। घरेलू उपभोक्ताओं के लिए बिजली 49 पैसे, अघरेलू के लिए 69 पैसे, गवर्नमेंट पब्लिक यूटिलिटी के लिए 66 पैसे, प्राइवेट ट्यूबवेल के लिए 27 पैसे, एलटी इंडस्ट्री के लिए 64 पैसे, एचटी इंडस्ट्री के लिए 64 पैसे, मिक्स लोड के लिए 52 पैसे, रेलवे के लिए 54 पैसे और ईवी चार्जिंग स्टेशन के लिए 75 पैसे प्रति यूनिट तक महंगी हुई थी। अब नई बढ़ोतरी पर नियामक आयोग को फैसला लेना है। पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन ऑफ उत्तराखंड लिमिटेड (पिटकुल) की याचिका भी नियामक आयोग ने खारिज कर दी है। अप्रैल में जारी हुए आयोग के आदेश पर पुनर्विचार के लिए पिटकुल प्रबंधन ने याचिका दायर की थी। इसमें कहा गया था कि आयोग का निर्णय एरोनियस यानी गलती से किया हुआ है। आयोग ने अपने अप्रैल के आदेश के हिसाब से पिटकुल की याचिका का अध्ययन करने के बाद इसे खारिज कर दिया।

## नए आपराधिक कानूनों को लेकर सेमिनार आयोजित

देहरादून (उद संवाददाता)। शुक्रवार को राजभवन में नए आपराधिक कानूनों के संबंध में सेमिनार का आयोजन किया गया। इस सेमिनार में तीन नए कानूनों, भारतीय न्याय संहिता-2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम-2023 के बारे विधि परामर्शी श्री राज्यपाल अमित कुमार सिरोही, प्रति-कुलपति उत्तरांचल विश्वविद्यालय प्रो. राजेश बहुगुणा और अभियोजन अधिकारी जावेद अहमद ने प्रस्तुतिकरण दिए। वक्ताओं ने नए कानूनों की आवश्यकता और प्रभाव, आपराधिक कानूनों की बुनियादी अवधारणा और उसका विकास, आपराधिक कानूनों में बुनियादी परिवर्तन आदि के बारे में जानकारी दी।सेमिनार में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने कहा कि सदियों से चले आ रहे विभिन्न पुराने और गैर जरूरी कानूनों को हटाकर वर्तमान परिस्थिति के अनुसार नए आपराधिक कानूनों को लागू किया जाना ऐतिहासिक कदम है। उन्होंने कहा नए कानून न्याय की अवधारणा को और मजबूत करेंगे और न्याय मिलने की प्रक्रिया को अधिक सरल और सुलभ बनाने में पुलिस और न्यायालयों की वृहद स्तर पर मदद करेंगे। राज्यपाल ने कहा कि भारतीय आत्मा से बने ये तीनों कानून हमारी आपराधिक न्याय प्रणाली में बहुत बड़ा बदलाव लाएंगे। अब हमारी न्याय प्रणाली पूरी तरह से स्वदेशी होगी जो भारत द्वारा, भारत के लिए और भारतीय संसद द्वारा बनाए गए कानूनों के अनुसार संचालित होगी। ये कानून गुलामी की मानसिकता को मिटाने की प्रतिबद्धता को दर्शाते है। उन्होंने कहा कि नई न्याय प्रणाली सभी को पारदर्शी और त्वरित न्याय देने के लिए अत्याधुनिक तकनीकों को बढ़ावा देने का कार्य करेगी। नए कानून न्याय, समानता और निष्पक्षता के मूल सिद्धांतों के आधार पर लाए गए हैं साथ ही इनमें फोरेंसिक साइंस को बहुत महत्व दिया गया है। नए कानून नागरिकों के अधिकारों की रक्षा के साथ कानून व्यवस्था को भी और अधिक सुदृढ़ करेंगी। उन्होंने कहा कि सभी को इन कानूनों की जानकारी होना जरूरी है। इस अवसर पर सचिव श्री राज्यपाल रविनाथ रामन, अपर सचिव स्वाती एस भदौरिया, उप सचिव जी.डी. नौटियाल, वित्त नियंत्रक डॉ. तृप्ति श्रीवास्तव सहित राजभवन के अधिकारी/कर्मचारी एवं पुलिस विभाग के कर्मचारी और लॉ कॉलेज के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहें।



## ट्रक चालक व मालिक के खिलाफ रपट दर्ज

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। तीन दिन पूर्व किच्छा मार्ग पर ट्रक की टक्कर से कार चालक के गंभीर रूप घायल होने के मामले में आरोपी कंटेर चालक व उसके मालिक के विरूद्ध रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में राज सिंह तोमर पुत्र उदय वीर निवासी शारदा कालोनी रुद्रपुर ने कहा है कि उसके पिता उदय वीर सिंह जो कि मैन पावर की ठेकेदारी का व्यवसाय करते है। 29 अगस्त को उसके पिता अपनी गाड़ी संख्या यूके 06एसी2175 में अपने काम से संडीला उत्तर प्रदेश ग्रीन प्लाइवुड कंपनी में गये थे। उसे फोन पर जानकारी मिली कि पिताजी का वापिस आते समय एक्सीडेंट हो गया है और उन्हें निजी अस्पताल में एडमिट करवाया है। वह तुरंत अस्पताल गया और जहाँ पता लगा कि पिताजी का एक्सीडेंट अस्पताल के पास ही हुआ था और ट्रक संख्या यूके 01 सीए 0353 द्वारा तेज रफ्तार व लापरवाही से पीछे से सीधा गाड़ी में टक्कर मार दी। वहाँ उपस्थित लोगों ने उनको बड़ी मुश्किल से बाहर निकाला और निजी अस्पताल में एडमिट करवाया। पिताजी अभी भी कोमा में है और डॉक्टर द्वारा बताया गया है कि हालत बहुत खराब है और बचना मुश्किल है। राज सिंह तोमर ने ट्रक के चालक एवं मालिक के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही करने की मांग की है। पुलिस ने रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## पर्यटन एवं धार्मिक रूप में विकसित होगा कांगुड़ा : धामी





टिहरी(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को जनपद टिहरी स्थित कांगुड़ा नागराज मंदिर परिसर पहुंचकर श्री कांगुड़ा नागराज मंदिर पुनर्स्थापना जागरण समारोह में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने मंदिर की परिक्रमा कर भगवान कांगुड़ा नागराज मंदिर में पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया और प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने मंदिर परिसर में एक पेड मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण भी किया। मुख्यमंत्री ने नवनिर्मित मंदिर में भगवान कांगुड़ा नागराज के प्राण प्रतिष्ठा की बधाई देते हुए समस्त प्रदेशवासियों की मनोकामना पूर्ण होने की कामना की। उन्होंने कहा कि इस पूज्य धरती पर दूसरी बार आने का उन्हें सौभाग्य मिला है।मुख्यमंत्री ने कहा कि कांगुड़ा को पर्यटन एवं धार्मिक रूप में विकसित करने हेतु की गई घोषणा जल्द ही पूरी होगी। इस हेतु जिला प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराएगी लगभग 2 करोड़ की डीपीआर को जल्द स्वीकृति दी जाएगी और क्षेत्र का विकास मास्टर प्लान बनाकर किया जाएगा। मंदिर परिसर में आधुनिक गेस्ट हाउस, 30 हजार लीटर क्षमता का पेयजल स्टोरेज टैंक, मंदिर परिसर पहुंच मार्ग में टीन शेड, हाई मास्क आदि अन्य कार्य किए जायेंगे।उन्होंने कहा कि राज्य सरकार देवभूमि के धार्मिक और सांस्कृतिक विकास को नई ऊंचाईयों पर ले जाने के लिए प्रतिबद्ध है। केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा जन हित में कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। उज्ज्वला योजना, किसान सम्मान निधि योजना, जनधन योजना, लखपति दीदी जैसी योजनाएं अंतिम छोर के व्यक्ति तक पहुंच रही हैं।मुख्यमंत्री ने कहा कि 2025 तक डेढ़ लाख बहनों को लखपति बनाने का लक्ष्य है। डबल इंजन की सरकार द्वारा धनोल्टी क्षेत्र के विकास हेतु विभिन्न योजनाओं में वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इस मौके पर क्षेत्र के लोगों द्वारा मुख्यमंत्री को क्षेत्र के विकास से संबंधित मांग पत्र सौंपा गया, जिस पर मुख्यमंत्री ने परीक्षण कर सकारात्मक कार्यवाही किए जाने की बात कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि छाम-बल्डोगी झूला पुल की मांग सहित कई प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। छाम-बल्डोगी झूला पुल हेतु रिपोर्ट तैयार करने को कहा गया है।कार्यक्रम में धनौल्टी विधायक श्री प्रीतम सिंह पंवार ने कहा कि प्रदेश के समग्र विकास के लिए मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में हर क्षेत्र में तेजी से कार्य हो रहे हैं। राज्य आन्दोलनकारियों को सरकारी नौकरियों में 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण, सरकारी नौकरियों में पारदर्शिता लाने के लिए सख्त नकल विरोधी कानून लाया गया है। इस अवसर पर विधायक राजपुर श्री खजान दास, मंदिर समिति अध्यक्ष श्री दिलबर सिंह रावत, जिलाधिकारी टिहरी श्री मयूर दिक्षित एस.एस.पी. श्री नवनीत सिंह भुल्लर आदि लोग उपस्थित रहे।

# बकरी चराने गई किशोरी से दुष्कर्म

## आरोपी भाजपा मंडल अध्यक्ष पर पॉक्सो एक्ट में मुकदमा दर्ज, परिजनो ने लगाया धमकाने का आरोप

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। अल्मोड़ा जिले के सल्ट विकासखंड में



नाबालिग से बलात्कार का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहां भाजपा के मंडल अध्यक्ष पर बकरी चराने गई एक किशोरी को अपनी हवस का शिकार बनाने और उसके बाद पिछले पांच दिनों से पीड़िता के परिजनों को धमकाने का आरोप लगा है। शुक्रवार को पीड़ित परिजनों राजस्व उपनिरीक्षक देवायल में इस मामले में तहरीर दी है। राजस्व पुलिस ने आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 74 और पॉक्सो अधिनियम के तहत केस दर्ज कर लिया है। नाबालिग के परिजनों ने राजस्व पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि शनिवार को उनकी नाबालिग बेटी अपने दो भाइयों के साथ बकरी चराने गई थी। तभी डंगूला निवासी भगवत सिंह बोरा वहां पहुंचा और किशोरी के भाइयों को चॉकलेट देकर वहां से दूर भेजने की कोशिश करने लगा। मौका पाकर आरोपी ने नाबालिग के साथ दुष्कर्म किया और थोड़ी देर बाद वहां से फरार हो गया। पीड़िता ने फोन से इसकी जानकारी परिजनों को दी। मौके पर पहुंचे परिजन उसे घर ले आए लेकिन आरोपी घटना के बाद से लगातार पीड़िता के परिजनों पर शिकायत न करने और समझौता करने की धमकी देता रहा। शुक्रवार को पीड़िता के परिजनों ने हिम्मत जुटाई और वह राजस्व क्षेत्र देवायल पहुंचे। जहां उन्होंने अपनी नाबालिग बेटी के साथ हुए दुष्कर्म किए जाने की तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद राजस्व पुलिस ने आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 74 और पॉक्सो अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पीड़िता को मेडिकल के लिए सीएचसी देवायल ले गया है। एसडीएम सल्ट संजय कुमार के अनुसार नाबालिग से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। इस मामले में राजस्व पुलिस ने पॉक्सो समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पीड़िता का मेडिकल कराया जा रहा है। मामले की विवेचना भी शुरू कर दी गई है। आरोपी को भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। वहीं अल्मोड़ा में किशोरी से दुराचार की घटन को लेकर क्षेत्रवासियों को आक्रोश व्याप्त हो रहा है। विपक्षी दल कांग्रेस ने आरोपी को शीघ्र गिरफ्तार कर कड़ी कार्यवाही करने की मांग की है।

# दुराचारियों को बचाने का आचरण निंदनीय : हरदा

देहरादून(उद संवाददाता)। पूर्व सीएम हरीश रावत ने अल्मोड़ा में नाबालिग से दुराचार की घटना की कड़ी निंदा करते हुए एक पोस्ट में कहा है कि एक के बाद एक महिलाओं के साथ, लड़कियों के साथ दुराचार, बलात्कार, छेड़छाड़, अभद्र आचरण, यह लगता है कि यह राज्य में शिष्टाचार बन रहा है। कितना दुखद है, जिस राज्य की हर धार देवी का मंदिर है, दुर्गा का मंदिर है, उस राज्य में महिलाओं के साथ इस तरीके की घटनाएं एक के बाद एक घटित हो रही हैं। अभी मौलेखाल से सूचना आई है कि मौलेखाल सल्ट के थाने में एक रिपोर्ट दर्ज हुई है जिसमें एक गरीब घर की बकरी चराने वाली लड़की ने जो 14 साल की है, एक पार्टी मैं पार्टी का नाम नहीं लूंगा उसके मंडल अध्यक्ष पर आरोप लगाया है कि इन्होंने मुझे झाड़ी में लेकर के गये और मेरे साथ दुष्कर्म करने का प्रयास किया या दुष्कर्म किया और अब उस लड़की का स्थानीय अस्पताल में मेडिकल कराने के बजाय उस लड़की को एक राजनीतिक दल विशेष के लोग अपनी गाड़ी में बैठा कर के विधायक के घर लेकर के जा रहे हैं। यह सारी घटनाएं चिंताजनक हैं और यदि राजनीतिक दलों के लोग इस तरह की हरकत करेंगे क्योंकि उस व्यक्ति को स्थानीय आधार पर एक पार्टी का शीर्ष नेता बताया जा रहा है। यदि उनको बचाया जाएगा और उनका आचरण इतना निंदनीय है तो यह विचारणीय है कि हम किस ओर जा रहे हैं? पुलिस, प्रशासन, कानून, संविधान, समाज सब गौण होता जा रहा है!

# खुर्पिया में स्मार्ट सिटी की स्थापना पर शुक्ला ने धामी को दी बधाई

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री आवास पर प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात कर पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने किच्छा के खुरपिया में 1 हजार दो एकड़ भूमि पर इंडस्ट्रियल स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित करने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कैबिनेट के फैसले की बधाई दी। इस महत्वपूर्ण परियोजना की घोषणा से क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है। श्री शुक्ला ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में संचालित भारतीय जनता पार्टी की डबल इंजन सरकार के जन कल्याणकारी विकास कार्यों के प्रति आभार व्यक्त किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कैबिनेट ने पूरे भारत में 10 शहरों में 12 स्थानों पर इंडस्ट्रियल स्मार्ट सिटी स्थापित करने का निर्णय लिया है। उत्तराखंड के किच्छा क्षेत्र को इस महत्वपूर्ण परियोजना का हिस्सा बनने का अवसर मिला है। इस परियोजना में करोड़ों के निवेश के साथ ही 75 हजार युवाओं को रोजगार मिलेगा और किच्छा को एक नई पहचान मिलेगी। पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने कहा, ष्यह परियोजना क्षेत्र के विकास के लिए मील का पत्थर साबित होगी और क्षेत्र में उद्योग और रोजगार के नए अवसर पैदा करेगी। उन्होंने इस महत्वपूर्ण निर्णय के लिए प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री का धन्यवाद करते हुए कहा कि यह उत्तराखंड के उज्ज्वल भविष्य की ओर एक महत्वपूर्ण कदम है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस मुलाकात के दौरान कहा कि राज्य सरकार इस परियोजना को शीघ्र और सफलतापूर्वक पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि यह स्मार्ट सिटी न केवल क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी बल्कि राज्य के युवाओं के लिए रोजगार के नए द्वार खोलेगी। इस दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने किच्छा क्षेत्र के विभिन्न जनहित के मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की। इस दौरान उन्होंने एक मांग पत्र सौंपकर कई महत्वपूर्ण विषयों पर कार्यवाही की मांग की। ग्राम भंगा स्थित राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का उच्चीकरण कराने की मांग की, जिससे छात्रों को बेहतर शिक्षा के अवसर मिल सकें। इसके साथ ही, श्री शुक्ला ने ग्राम गोकुलनगर के निवासियों को उनकी आबादी पर स्वामित्व योजना के अंतर्गत मालिकाना हक देने की मांग की। उन्होंने कहा, ष्यह कदम ग्रामवासियों को उनके अधिकारों का संरक्षण प्रदान करेगा और उन्हें अपने भूमि पर स्वामित्व का अधिकार मिलेगा, जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकेंगे। राजेश शुक्ला ने स्टेट हाईवे 44 किच्छा नगला मार्ग की सेंटर से दोनों तरफ नपत कराने की भी मांग की, जिससे सड़क सुरक्षा सुनिश्चित हो सके और नगलावासियों को उजाड़ने से बचाया जा सके। उन्होंने पंतनगर विश्वविद्यालय के अधिकारियों और कर्मचारियों को गोल्डन कार्ड जारी कराने की आवश्यकता पर भी जोर दिया, जिससे उन्हें बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इन सभी मुद्दों पर सहमति जताते हुए जल्द से जल्द कार्यवाही का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा, ष्राज्य सरकार जनहित के सभी मुद्दों को प्राथमिकता से सुलझाने के लिए प्रतिबद्ध है और क्षेत्र के विकास के लिए हर संभव प्रयास करेगी।पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने मुख्यमंत्री के सकारात्मक दृष्टिकोण और समर्थन के लिए उनका धन्यवाद किया। उन्होंने कहा, मुझे विश्वास है कि मुख्यमंत्री धामी के नेतृत्व में हमारे क्षेत्र के विकास के लिए ये सभी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।



# किच्छा में कम्युनिटी हाल बनने का रास्ता साफ

## चीनी मिल की भूमि पर चार करोड़ रुपये की लागत से होगा निर्माण

किच्छा(उद संवाददाता)। चीनी मिल प्रशासन द्वारा एनओसी दिए जाने के बाद चार करोड रुपये की लागत से चीनी मिल की भूमि पर किच्छा कम्युनिटी हाल बनने का रास्ता साफ हो गया है। कम्युनिटी हॉल का रखरखाव क्रियावयन शुगर चीनी मिल प्रबंधन के पास ही रहेगा। बीते दिवस विधायक तिलकराज बेहड़ ने कांग्रेस नगर अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी बबलू एवं तमाम कांग्रेसियों के साथ किच्छा चीनी मिल प्रशासन द्वारा कम्युनिटी हाल के लिए दी गई भूमि का स्थलीय निरीक्षण किया। इस मौके पर विधायक ने बताया कि उन्होंने रुद्रपुर की तर्ज पर किच्छा कम्युनिटी हाल बनाने का प्रयास किया था, जिसमें भूमि आड़े आ रही थी। किच्छा चीनी मिल की खाली पड़ी भूमि पर कम्युनिटी हाल बनाने का प्रस्ताव उन्होंने जिलाधिकारी को दिया था, जिस पर भूमि का चयन करने आई



प्रशासन की टीम के समक्ष चीनी मिलप्रशासन ने भूमि देने से इनकार कर दिया था, जिससे यह मामला अधर में में अटक गया था। विधायक बेहड़ ने बताया कि उन्होंने गन्ना मंत्री सौरभ बहुगुणा एवं मुख्यमंत्री के समक्ष इस मांग को रखते हुए मांग पूरी करने का आग्रह किया। शासन एवं प्रशासन के निर्देश पर चीनी मिल प्रशासन ने चीनी मिल की खाली पड़ी भूमि पर किच्छा कम्युनिटी हाल बनाए जाने हेतु अनापत्ति पत्र दे दिया है, जिससे नगर में कम्युनिटी हॉल बनने कारी, रास्ता साफ हो गया है। विधायकबेहड ने बताया कि यह कम्युनिटी हॉल लगभग चार करोड रुपये की लागत से बनाया जाएगा। विधायक ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी एवं गन्ना मंत्री सौरभ बहुगुणा तथा चीनी मिल प्रशासन का आभार व्यक्त किया है। इस मौके पर विधायक के साथ कांग्रेस नगर अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी बबलू, निवर्तमान पालिकाध्यक्ष दर्शन कुमारकोली, राजेश प्रताप सिंह, ओम प्रकाश दुआ, दीप हंसपाल, सरवर हुसैन दिलीप सिंह बिष्ट, लियाकत अंसारी आदि थे।

# महिला सहित चार लोगों के खिलाफ मारपीट की रपट दर्ज

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने मारपीट व होटल से नगदी ले जाने के मामले में एक महिला सहित चार लोगों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज किया है। दर्ज रपट में सद्दाम हुसैन पुत्र मो. यासीन निवासी नई बस्ती खेड़ा, ने मोहम्मद रफीक उर्फ मिर्ची पुत्र रईस अहमद, श्रीमती फिरोजा पत्नी मोहम्मद रफीक उर्फ मिची, मिराज पुत्र मोहम्मद रफीक उर्फ मिर्ची तथा अरबाज पुत्र मोहम्मद रफीक उर्फ मिर्ची निवासीगण नई बस्ती खेड़ा के विरूद्ध आरोप लगाया है किं उसकी ईदगाह चौराहे पर चाय व पकौड़ी बेचने का होटल है। उसके होटल के सामने मोहम्मद रफीक उर्फ मिर्ची की चाय पकौड़ी बेचने की दुकान है जो उसकी दुकान को बन्द कराना चाहता है। सद्दाम हुसैन मो. रफीक कई बार उससे व उसके परिवार वालों के साथ मारपीट कर चुका है। 30 मार्च को साय: वह अपने होटल पर बैठा था, तभी मोहम्मद रफीक, मो. रफीक की पत्नी फिरोजा, तथा मिराज आरबाज आकर उसे गालियाँ देने लगे। जब उसने मना किया तो वह अपने हाथों में लोहे की रोड व लाठी डन्डे लेकर आ गये, मिराज के हाथ में चाकू था। उसके साथ मारपीट करने लगे और गल्ले में रखे 16,000 रूपये भी निकाल लिये। वह अपनी जान बचाने हेतू अपने घर की ओर दौड़ गया। उक्त सभी लोग पीछा करते हुए उसके घर में घुस आए मारपीट करने लगे। मारपीट के दौरान चाकू से उसका गला काटने की कोशिश की। शोर की आवाज सुनकर पास पड़ौस के लोग आ हमलावर जाते जाते चाय का होटल वहाँ से हटाने व ना हटाने पर जान से मारने की धमकी देकर चले गए। इस घटना में उसके परिजनों के काफी खुली व गुम चोटे आयी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# पुलिस की कमजोर पैरवी से मिली जमानत: वालिया

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।स्थानीय पुलिस की लचर जांच और कमजोर पैरवी के चलते बनभूलपुरा में हुई हिंसा के आरोपियों को जमानत मिली है।हरिद्वार के प्रैस क्लब में पत्रकारों से वार्ता करते हुए बजरंग दल के प्रांत संयोजक अनुज वालिया ने आरोप लगाया कि बीती 8 फरवरी को बनभूलपुरा क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने गई टीम पर स्थानीय लोगों ने हमला कर दिया था। जिसमें हल्द्वानी नगर निगम के कर्मचारी, कवरेज करने गए मीडिया कर्मी और पुलिस प्रशासन सहित सभी बुरी तरीके से घायल हुए थे। उपद्रवियों के हमले में कई लोगों को गंभीर चोटे भी आई थी। वही घटना के बाद पुलिस द्वारा 100 से अधिक लोगों की गिरफ्तारियां कर गंभीर धाराओं में कड़ी कार्रवाई करते हुए मुकदमे दर्ज किए गए थे। लेकिन दो दिन पूर्व न्यायालय द्वारा 50 लोगों को जमानत दे दी गई। वालिया ने कहा कि हिंसा के दौरान गोलीबारी भी की गयी। जिसमें कई पुलिसकर्मी भी गंभीर रूप से घायल हुए। कवरेज कर रहे मीडिया कर्मियों को भी निशाना बनाया गया। हमलावरों ने पुलिस चौकी तक फूंक दी। सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाया गया। इतने गंभीर मामले में पुलिस ने जिस प्रकार की कार्यशैली का परिचय दिया, वह कानून व्यवस्था और पुलिस अधिकारियों पर प्रश्नचिन्ह है।उन्होंने कहा कि इस मामले को लेकर विश्व हिन्दू परिषद आंदोलन करेगी और उच्च पुलिस अधिकारियों से मिलकर लापरवाही की जांच और दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करेगी। विश्व हिन्दू परिषद के प्रांत प्रचार प्रसार प्रमुख पंकज चौहान ने कहा कि कानून व्यवस्था और प्रदेश के शांत वातावरण को अशांत करने वाले गंभीर प्रकरण में जांच में खामियों और कमजोर पैरवी का लाभ उठाकर आरोपी जमानत हासिल करने में सफल रहे हैं। इससे पुलिस की प्रतिष्ठा को भी आघात लगा है। सरकार को इस मामले को गंभीरता से लेना चाहिए। लापरवाही करने वाले अधिकारियों पर कठोर कार्यवाही करनी चाहिए।



# खुरपिया में शैक्षणिक हब भी विकसित किया जाना आज की आवश्यकता : कोली

किच्छा(उद संवाददाता)। नगर पालिका परिषद किच्छा के निवर्तमान पालिकाध्यक्ष ने कहा है कि किच्छा को स्मार्ट औद्योगिक संस्थान देकर के केंद्र सरकार और राज्य सरकार ने बेरोजगारों के घाव पर मरहम लगाने का कार्य किया है। निवर्तमान पालिका अध्यक्ष दर्शन कुमार कोहली ने यहां प्रेस को जारी एक वक्तव्य में कहा है कि जिस तरह से मैदानी क्षेत्र में रोजगार पर संसाधन विकसित किया जा रहे हैं उसी तर्ज पर केंद्र सरकार और राज्य सरकार को पर्वतीय क्षेत्रों में भी रोजगार पर संसाधन विकसित करने चाहिए। उन्होंने कहा कि किच्छा विधानसभा के क्षेत्र अंतर्गत ग्राम खुरपिया में सरकारी भूमि पर स्मार्ट औद्योगिक सिटी का सृजन कर जहां उत्तराखंड में पनप रही बेरोजगार बेरोजगारी को रोकने का प्रयास किया जा रहा है इस प्रकार पर्वतीय क्षेत्र में भी पलायन को रोकने के लिए सरकार को रोजगार के संसाधन विकसित करने चाहिए। उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार के इस कदम की जहां प्रशंसा की है वहीं यह भी कहा है कि औद्योगिक संस्थानों के साथ-साथ क्षेत्र को शैक्षणिक हब भी बनाया जाना चाहिए जिसके लिए यहां आईआईटी सहित तमाम तमाम तकनीकी इंजीनियरिंग कॉलेज का भी निर्माण किया जाना चाहिए। आगे कहा कि उत्तराखंड की अधिकांश जनता शिक्षा पर ही निर्भर रहती है तथा तकनीकी ज्ञान अर्जित करने के लिए उत्तराखंड के छात्रों को अन्य राज्यों में जाना पड़ता है तथा भारी भरकम खर्च वहन करना पड़ता है जिसके लिए यदि जनपद उधम सिंह नगर के किच्छा तहसील क्षेत्र अंतर्गत स्थित हजारों एकड़ भूमि पर औद्योगिक संस्थान के साथ-साथ शिक्षा के संस्थानों का भी विकसित किया जाए तो औद्योगिक रोजगार के साथ-साथ शिक्षा के क्षेत्र में भी क्षेत्र आशातीत उन्नति करेगा तथा बेरोजगारी की समस्या का समाधान तो होगा ही उत्तराखंड से पलायन को भी रोका जा सकेगा। उन्होंने राज्य सरकार से मांग की है कि इस संबंध में शीघ्र ही घोषणा करके शिक्षक हब के लिए भी कार्यवाही की जाए बाहर उन्होंने कृपया फार्म को स्मार्ट औद्योगिक सिटी बनाए जाने का स्वागत किया है।



# कई वार्डों में स्ट्रीट लाईटें खराब, खुले में डाला जा रहा घरों से कचरा

## जनसंवाद कार्यक्रम में उठी शिकायतों को लेकर डीएम वंदना ने कालोनियों में किया निरीक्षण,अन्य वार्डों में भी लगाये जायेंगे कैम्प

नैनीताल(उद संवाददाता)। जन सुनवाई के दौरान स्थानीय लोगों द्वारा की गई शिकायतों के क्रम में जिलाधिकारी वंदना ने देर रात हीरानगर, बद्रीपुरा, सतीश कॉलोनी व गोसाई कॉलोनी का औचक भ्रमण किया और स्थानीय लोगों से मिलकर उनकी समस्याएं सुनी। सतीश कॉलोनी निवासियों ने जिलाधिकारी को बताया कि कॉलोनी में सफाई कर्मचारी नियमित रूप से साफ सफाई के लिए नहीं आ रहे हैं, जिस कारण अत्यधिक गंदगी फैल रही है जिससे बीमारियों के फैलने का खतरा है। यहां की नालियां टूटी-फूटी है, जिस कारण सीवर का पानी और गंदगी जमा हो जाती है। कम वोल्टेज के कारण यहां लाइटिंग की व्यवस्था ठीक न होने के कारण अधिक वोल्टेज का ट्रांसफॉर्म लगाने की मांग रखी। सतीश नगर कॉलोनी में साफ सफाई और लाइटिंग की उचित व्यवस्था के के साथ ही जल निकासी की समुचित व्यवस्था के लिए जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग, जल संस्थान पीड्ब्ल्यूडी व नगर निगम के अधिकारियों को निर्देशित किया। इसके साथ ही सतीश नगर कॉलोनी में नए सफाई कर्मियों को नियुक्त करने के लिए कहा। एचपीसीएल द्वारा गैस पाइपलाइन के लिए खोदी गई सड़कों को इसी माह मरम्मत करने के निर्देश नगर निगम को दिए।बिजली विभाग को सड़े गले पोल बदलने और झुकी हुई तारों को ठीक करने हेतु निर्देशित किया। बद्रीपुरा तल्ला गौरा के निवासियों और स्थानीय महिलाओं ने यहां अराजक तत्वों के आवागमन की समस्या से अवगत कराया। उन्होंने कहा दिन और रात में कुछ अराजक तत्व यहां घूमते फिरते अक्सर देखे जाते हैं, जिस कारण महिलाएं, लड़कियां और बच्चे असुरक्षित महसूस करते हैं। यहां रात्रि के समय लाइट की उचित व्यवस्था भी नहीं है, जिस कारण भय का माहौल बना रहता है। इस संबंध में जिलाधिकारी ने सिटी मजिस्ट्रेट और पुलिस विभाग को संयुक्त रूप से पेट्रोलिंग करने के लिए निर्देशित किया। नगर निगम को खराब लाइट्स ठीक करने के निर्देश दिए। पुलिस के अधिकारियों को ऐसे अराजक तत्वों के आवागमन पर रोक लगाने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया। इसके अतिरिक्त यहां निवासरत किराएदारों का सत्यापन करने के लिए भी जिलाधिकारी के समक्ष मांग रखी। जिलाधिकारी ने यूपीसीएल और निगम के अधिकारियों को निर्देशित किया कि 24 घंटे के अंदर इन स्थानों पर लाइट की व्यवस्था कर दी जाए। बद्री नगर में खाली पड़े प्लॉट प्लूटो के भूस्वामियों से संपर्क स्थापित कर खाली प्लाटों की संबंधित भू स्वामी के माध्यम से चहारदीवारी कराने के लिए निर्देशित किया। इस अवसर पर नगर आयुक्त विशाल मिश्रा, तुषार सैनी, सिटी मजिस्ट्रेट एपी बाजपेई उप जिलाधिकारी हल्द्वानी, सहायक नगर आयुक्त आदि सहित पुलिस कर्मचारी भी उपस्थित रहे।मुख्यमंत्री के निर्देशों के क्रम में नगर निगम हल्द्वानी-काठगोदाम वार्ड संख्या 11 से वार्ड संख्या 20 तक जीजीआईसी कालाढुगी रोड हल्द्वानी में आयोजित जनसंवाद एवं जनसमस्या समाधान शिविर मे लोगोंद्वारा विद्युत, सडक, पानी, आयुष्मान कार्ड, पेंशन, स्ट्रीट लाईट,आधार कार्ड तथा राशन कार्ड, अतिक्रमण सम्बन्धित शिकायतें आई जिनका सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों के साथ मौके पर समस्याओं का त्वरित निदान किया गया। जनसंवाद कार्यक्रम में जिलाधिकारी वंदना ने कहा कि इस प्रकार के कैम्प अन्य वार्डों में भी लगाये जायेंगे ताकि लोगों की समस्या का समाधान मौके पर हो सके। जिलाधिकारी ने कहा कि जिन योजनाओं के टेंडर प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है और कार्यदायी संस्था द्वारा कार्य प्रारम्भ कर दिया है, अधिकारी नियमित उन कार्यों की मानिटरिंग करें। शिविर में वन विभाग द्वारा फलदार पौधों का वितरण भी किया गया। जनसमस्या समाधान शिविर में वार्ड नम्बर 18 के लोगों ने बताया कि वार्ड में अधिकांश स्ट्रीट लाईट खराब हैं। जिस पर जिलाधिकारी ने स्ट्रीट लाईट एजेन्सी के प्रतिनिधि राहुल सिह से कहा कि बार-बार एजेंसी को कार्यप्रणाली में सुधार का अवसर नही दिया जायेगा, शिविर के बाद नगर निगम के साथ जिलाधिकारी ने एजेंसी के प्रतिनिधियों की बैठक कर स्ट्रीट लाइट की समस्याओं के समाधान के लिए एजेंसी को नाइट पेट्रोलिंग, हेल्प डेस्क, टोल फ्री नंबर का प्रचार आदि आवश्यक दिशानिर्देश दिए और लाइट्स की गुणवत्ता का थर्ड पार्टी सत्यापन करने के लिए टीम बनाने हेतु नगर आयुक्त को नामित किया। उन्होने कहा विगत जनसमस्या समाधान शिविर में वार्ड-5 की शिकायत आई थी जिसमे लगभग 50 प्रतिशत लाईटें खराब थी, उनके द्वारा रात्रि निरीक्षण के उपरान्त लाईटें ठीक कराई गई, ऐसी स्थिति फिर से उत्पन्न न हो और जनता की शिकायतों का स्वत: संज्ञान लेकर विभाग कार्यवाही करे। उन्होंने कहा शिकायत प्रकोष्ठ का नम्बर सोशल मीडिया, समाचार पत्रों, कूडा वाहनों आदि के द्वारा प्रचार प्रसार किया जाए ताकि लोग अपने वार्ड की स्ट्रीट लाईट खराब होने पर सूचित कर सकें। स्ट्रीट लाईट एजेन्सी के प्रतिनिधि राहुल सिह ने बताया कि स्ट्रीट लाईट खराब होने पर ट्रॉल फ्री नम्बर 083666-70840 व 083635-20500 पर प्रात: 7 बजे से रात्रि 11 बजे तक शिकायत की जा सकती है। उन्होंने बताया शिकायत करने पर शिकायकर्ता के मोबाइल पर मैसेज आयेगा कि आपकी शिकायत का अंकन हो चुका है। जनसमस्या समाधान शिविर में अधिकांश वार्डों के लोगों द्वारा शिकायत की गई कि वार्डों की नालियां कचरे से भरी है नालों की सफाई कराने का अनुरोध किया। जिस पर नगर स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि निगम द्वारा नालों की सफाई दोबारा करा दी गई थी लेकिन कुछ लोगों द्वारा खुले नालों मे कचरा बार-बार डाला जाता है। जिस पर जिलाधिकारी ने कहा कि ऐसे स्थानों पर सीसीटीवी कैमरा लगाये जाएं और लोगों को चिन्हिरकण कर ऐसे लोगों की सूची बनाकर चालानी कार्यवाही की जाए इसके लिए बैंणी सेना को भी घर-घर जाकर लोगां को जागरूक करना होगा। शिविर में बैंणीसेना की महिलाओं ने बताया कि नगर निगम के कचरा वाहन घरों से कचरा उठाने जाते है लेकिन कचरा वाहन समयबद्ध तरीके से नही आते है। जिलाधिकारी ने नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा0 मनोज काण्डपाल को एजेन्सी के साथ ही सफाई कर्मचारियों और बैणी सेना के प्रतिनिधियों के साथ बैठक करने के निर्देश दिये और कहा कि बैनी सेना की महिलाओं की समस्याओं को नगर निगम के अधिकारी गंभीरता से लेकर समाधान करवाएं, इस प्रकार की पुर्नरावृत्ति दोबारा ना हो साथ ही नियमित मानिटरिंग करने के भी निर्देश दिये। जनसंवाद कार्यक्रम में नगर निगम, राजस्व, चिकित्सा, उद्यान, कृषि, समाज कल्याण, पशुपालन, जल संस्थान, विद्युत, उरेडा तथा पूर्ति विभाग द्वारा स्टॉल लगाकर सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी के साथ ही लोगों के फार्म एवं रजिस्ट्रेशन भी कराये गये। शिविर में राज्य दर्जा मंत्री डा0 अनिल कपूर डब्बू, जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, निवर्तमान मेयर डा0 जोगेन्दर पाल सिंह रौतेला, पार्षद दिवाकर श्रोतिया,राजेन्द्र अग्रवाल, रवि जोशी के साथ ही प्रताप रैक्वाल, जेड ए वारसी के साथ ही नगर आयुक्त विशाल मिश्रा, सिटी मजिस्ट्रेट एपी बाजपेयी, उपजिलाधिकारी पारितोष वर्मा के साथ ही क्षेत्रवासी उपस्थित थे।







# राज्य में 6350 चिन्हित जल स्रोतों का उपचार कार्य गतिमान

## ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में जल स्रोतों और नदियों के संरक्षण के लिए बनाये प्रभावी नीतियां : आनन्द बर्द्धन

देहरादून(उद संवाददाता)। अपर मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने सचिवालय में स्प्रिंग एंड रिवर रिजूविनेशन प्राधिकरण उत्तराखण्ड की 11वीं जनपद एवं अन्र्तविभागीय समीक्षा बैठक में प्रतिभाग किया। इस दौरान अपर मुख्य सचिव ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्राकृतिक जल स्रोतों, नौलों धारों और नदियों के संरक्षण एवं उन्हें पुनर्जीवित करने के लिए बेहतर एवं प्रभावी कार्य योजनाएं बनाकर शासन को भेजें। सभी जिले एवं विभाग बेस्ट प्रैक्टिस अपनाते हुए ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में जल स्रोतों के संरक्षण हेतु लघु एवं दीर्घ कालीन नीतियों पर कार्य करें। उन्होंने कहा कि संबंधित क्षेत्र के अत्यधिक महत्वपूर्ण जल स्रोतों का संरक्षण एवं पुनर्जीवीकरण को शीर्ष प्राथमिकता में रखते हुए कार्य किए जाएं। इसके साथ ही चिन्हित किए गए जल स्रोतों एवं नदियों का जिओ - हाइड्रोलॉजिकल अध्ययन करवा कर उसकी नियमित समीक्षा की जाए। अपर मुख्य सचिव ने सभी जिला अधिकारियों को जिलों के विभिन्न स्थानों पर बनाए गए अमृत सरोवर के ग्राउंड वेरिफिकेशन कराने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि



सारा से संबंधित कार्य योजनाओं में किसी तरह की दिक्कत आने पर तुरंत शासन में संबंधित विभाग को अवगत करवाया जाए एवं सभी संबंधित विभाग आपसी सहयोग से जल संरक्षण के कार्य को करें।उन्होंने कहा कि सारा के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की जिओ -टैगिंग अनिवार्य रूप से की जाए। सूखाग्रस्त क्षेत्रों में भू-जल रिचार्ज के दृष्टिगत प्रस्तावित कार्यों को तेजी से अमल में लाया जाए। वर्षा आधारित सहायक नदियों/धाराओं की उपचार योजनाओं का निरूपण वैज्ञानिक विधि से किया जाए और ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित जल स्रोतों का सतत् रूप से अनुरक्षण सामुदायिक सहभागिता से सुनिश्चित किया जाए। बैठक अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्रीमती नीना ग्रेवाल ने बताया कि राज्य में ग्राम स्तर पर 5421 जल स्रोतों, विकास खण्ड स्तर पर 929 क्रिटिकल सूख रहे जल स्रोत, एवं जनपद स्तर पर 292 सहायक नदियों/धाराओं की उपचार गतिविधियां संचालित हैं। इस प्रकार कुल 6350 चिन्हित जल स्रोत का उपचार कार्य गतिमान है। उन्होंने बताया कि जल संरक्षण अभियान 2024 के अंतर्गत 2.51 मिलियन क्यूबिक मीटर पानी को रिचार्ज करने का लक्ष्य रखा गया था, जिसके सापेक्ष लगभग 2.38 मिलियन क्यूबिक मीटर पानी को रिचार्ज कर लिया गया है।



# कलमकारों का उत्पीड़न शर्मनाक, एकजुटता की अपील

## पत्रकार प्रेस परिषद की बैठक में उठे ज्वलंत मुद्दे, नैनीताल एसएसपी के दुर्व्यवहार की निंदा, रुद्रपुर कोतवाल को हटाए जाने की मांग





काशीपुर(उद संवाददाता)। पत्रकार व पुलिस एक सिक्के के दो पहलू हैं। एक दूसरे के पूरक हैं। एक वास्तविक कलमकार जहां अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए समाज में व्याप्त कुरीतियों, बुराइयों को समूल खत्म करने के लिए जद्दोजहद कर रहा है वही पुलिस को समाज की सेवा सुरक्षा का जिम्मा दिया गया है ऐसे में पुलिस के अधिकारियों द्वारा पत्रकारों का लगातार उत्पीड़न किया जाना शर्मनाक है। उक्त बातें काशीपुर के मोहल्ला कटरा मालियांन मे संगठन के कर्मठ सदस्य अरुण वर्मा जी के निवास पर शुक्रवार की शाम आयोजित महत्वपूर्ण बैठक के दौरान पत्रकार प्रेस परिषद के कुमाऊं मंडल अध्यक्ष अशोक गुलाटी ने कही। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ दिनों में अकेले जनपद उधम सिंह नगर में कोतवाल जैसे महत्वपूर्ण पदों पर बैठे पुलिस के अधिकारियों द्वारा पत्रकारों के साथ किए गए दुर्व्यवहार के आधा दर्जन मामले प्रकाश में है। तमाम विरोध प्रदर्शन के बावजूद आरोपी अधिकारियों के खिलाफ शासन द्वारा सार्थक कार्यवाही न किया जाना भी चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि पत्रकारों का उत्पीड़न किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने पंतनगर और रुद्रपुर में हालिया पत्रकारों के साथ घटित घटना पर रोष व्यक्त किया। कहा कि मित्रता सेवा सुरक्षा की आड़ में पुलिस के अधिकारी पत्रकारों पर अनावश्यक दबाव बनाकर मनमाने कार्यों को अंजाम देने की मंशा रखते हैं। उन्होंने नैनीताल एसएसपी के द्वारा हल्द्वानी के पत्रकारों को रूटीन की खबरों पर नोटिस भेजने के मामले को भी गलत करार दिया। मंडल अध्यक्ष ने कहा कि उपरोक्त सभी मामलों में यदि समय रहते न्यायोचित कार्यवाही नहीं होती तो पत्रकार प्रेस परिषद के तमाम पदाधिकारी व सदस्य गण एकजुट होकर मोर्चा खोलने को बाध्य होंगे। बैठक का संचालन पत्रकार प्रेस परिषद के मंडल महासचिव मनोज श्रीवास्तव कर रहे थे। बैठक के क्रम को आगे बढ़ाते हुए पत्रकार प्रेस परिषद के महानगर संरक्षक सुनील कोठारी ने हल्द्वानी में पत्रकारों के साथ हुई घटना पर अपनी कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की। उन्होंने कहा कि एक आईपीएस अधिकारी द्वारा खबरों पर नोटिस भेजने जैसी बातें आम समाज को गलत संदेश देती हैं। उन्होंने कहा कि नैनीताल के यदि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक चाहते तो इस तरह के मामलों का कोई और भी सरल विकल्प निकाल सकते थे। बैठक को संबोधित करते हुऐ महानगर अध्यक्ष प्रकाश जोशी ने पत्रकारों की एकजुटता पर बल दिया। उन्होंने वर्तमान में पत्रकारिता को चुनौती पूर्ण बताया। प्रदेश भर के पत्रकारों का आह्वान करते हुए उन्होंने कहा कि समय रहते उन्हें एक मंच पर आकर एकजुट हो जाना चाहिए। मीटिंग के इसी क्रम को आगे बढ़ते हुए महानगर उपाध्यक्ष अजय सक्सेना ने भी मौजूद लोगों के विचारों में अपनी सहमति जताई। पत्रकार प्रेस परिषद के जुझारू सदस्य अरुण वर्मा ने अपने वक्तव्य में प्रदेश व देश के तमाम पत्रकारों से एक जुटता की अपील की। इसी तरह अपने-अपने वक्तव्य में वरिष्ठ पत्रकार एवं महानगर उपाध्यक्ष उमेश कश्यप, मनोज पंत व विजेंद्र कुमार ने भी पत्रकारों के लगातार हो रहे उत्पीड़न पर चिंता जताई और रुद्रपुर कोतवाल को तत्काल प्रभाव से हटाए जाने की मांग किया। मीटिंग के दौरान मेहमान अतिथि के रूप में मौजूद जगदीश सक्सेना एवं राघव द्विवेदी ने भी लोकतंत्र के चतुर्थ स्तंभ असुरक्षित बताया। उन्होंने ने कहा कि बदलते वक्त के साथ पत्रकारिता का स्वरूप भी काफी बदल चुका है। उन्होंने पत्रकारिता में आमूल चूल परिवर्तन पर बल दिया। बैठक के दौरान बड़ी तादाद में पत्रकार प्रेस परिषद के पदाधिकारी व सदस्य गण मौजूद रहे।

### प्रदान किए पहचान पत्र, सुरक्षा का किया वादा

काशीपुर। पत्रकार प्रेस क्लब के सदस्य अरुण वर्मा के आवास पर आयोजित बैठक के दौरान पत्रकार प्रेस परिषद के कुमाऊं मंडल अध्यक्ष अशोक गुलाटी ने आधा दर्जन से अधिक पत्रकारों को उनके पहचान पत्र प्रदान करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। मंडल अध्यक्ष ने कहा कि संगठन में प्रदेश भर के तमाम पत्रकार तेजी से जुड़ते जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पत्रकार प्रेस परिषद देश के तमाम राज्यों में पूरी तरह सक्रिय हो चुका है। उन्होंने कहा कि संगठन जल्द ही पत्रकारों के हितार्थ कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर लाने के लिए प्रयत्नशील है। उन्होंने कहा कि पत्रकारों को आवास भत्ते एवं चिकित्सा सेवा जैसी महत्वपूर्ण सुविधाओं के लिए जल्द ही मुख्यमंत्री को इस आशय का ज्ञापन दिया जाएगा।। उन्होंने यह भी कहा कि पत्रकारों का एक प्रतिनिधिमंडल जल्द ही देहरादून में मुख्यमंत्री से मुलाकात कर कुछ जरूरी मांगों को सीएम के समक्ष रखेगा। उन्होंने कहा कि पत्रकार प्रेस परिषद पत्रकारों की सुरक्षा के लिए पूरी तरह कटिबद्ध है। इस दौरान कुमाऊँ मंडल अध्यक्ष एवं महानगर अध्यक्ष प्रकाश चंद्र जोशी के विशेष अनुरोध पर महानगर संरक्षक एवं वरिष्ठ पत्रकार सुनील कोठारी को महानगर महामंत्री का अतिरिक्त प्रभार दिया गया। इस निर्णय का मौजूद सभी लोगों ने करतल ध्वनि से स्वागत किया।

# जल संरक्षण व संवर्द्धन कार्यों में लायें तेजी: आनंद वर्द्धन



रूद्रपुर(उद संवाददाता)। अपर मुख्य सचिव उत्तराखण्ड शासन आनंद वर्द्धन ने जल संरक्षण अभियान स्प्रिंग एंड रिवर रिजुविनेशन अथॉरिटी (सारा) की वर्चुअल बैठक लेते हुए सारा के अर्न्तगत प्रस्तावित कार्यों की समीक्षा करते हुए क्रिटिकल जल स्रोतों, नदियों, सहायक नदियों व जलाशयों के जल संरक्षण व संवर्द्धन कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी जनपदों को सारा योजना अंतर्गत धनराशि उपलब्ध करा दी गयी है। उन्होंने कहा कि योजना के अन्तर्गत 1 करोड़ तक की योजनाओं को जिला स्तर कमेटी द्वारा स्वीकृति दी जायेगी तथा 1 करोड़ से अधिक के कार्य प्रस्तावों की स्वीकृति हेतु राज्य स्तरीय कमेटी को प्रेषित करने के निर्देश दिए।अपर मुख्य सचिव ने कहा कि सारा योजनान्तर्गत 50 प्रतिशत योजना धनराशि विभागीय, मनरेगा अथवा अन्य मदों से व्यय की जाएगी तथा 50 प्रतिशत सारा से व्यय की जाएगी। उन्होंने कहा कि योजना के अंतर्गत जल संरक्षण एवं संवर्द्धन कार्य ग्राम पंचायत स्तर, ब्लॉक स्तर व जनपद स्तर पर किये जाने हैं। उन्होंने बताया कि योजना अंतर्गत सभी जनपदों से ग्राम पंचायत स्तर पर कुल 5421 जल धाराओं का उपचार, ब्लॉक स्तर पर कुल 929 क्रिटिकल जल स्रोतों व जल धाराओं का उपचार व संवर्द्धन तथा जनपद स्तर पर कुल 292 नदियों व सहायक नदियों व जलधाराओं के संवर्धन ,पुनर्जीवीकरण हेतु प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को क्रिटिकल जल स्रोतों, नदियों, सहायक नदियों व जलाशयों के संवर्द्धन हेतु कैचमेंट एरिया में पौधारोपण करने, रिचार्ज पिट व साफ्ट आदि बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्यों के फोटोग्राफ जियो टैगिंग के साथ ही ऐप में अनिवार्य रूप से अपलोड करने के निर्देश भी दिए। जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने बताया कि ग्राम व ब्लॉक स्तर पर योजनान्तर्गत जल स्रोतों के संवर्द्धन हेतु 50 प्रतिशत कार्य पूरा कर लिया गया है। उन्होंने बताया जनपद में 06 तालाबों का संवर्द्धन 2 नदियों लेवड़ा व फीका नदी का संवर्द्धन व पुनर्जीवीकरण तथा 1 जलाशय का संवर्द्धन, शहरी क्षेत्र में 40 रिचार्ज पिट एवं साफ्ट बनाने के साथ ही 12 करोड़ की योजनाएं प्रस्तावित की गयी हैं। उन्होंने बताया कि पौधारोपण अभियान के तहत 2.5 लाख पौध लगाए गए हैं। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार, अधिशासी अभियंता सिंचाई पीसी पाण्डे, लघु सिंचाई सुशील कुमार, जल निगम सुनील जोशी, जल संस्थान तरूण शर्मा, नलकूप आर के सिंह, सहायक जिला पंचायत राज अधिकारी महेश कुमार, एसडीओ वन शशि देव, एई सिंचाई विशाल प्रसाद आदि उपस्थित थे।

# ब्राम्हण महासभा ने अवनी तिवारी को किया सम्मानित

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। उत्तराखण्ड लोकसभा आयोग की परीक्षा पास कर पुलिस उपाधीक्षक बनी अवनी तिवारी को ब्राम्हण महासभ्झा ने उनके निवास पर पहुंचकर सम्मानित किया और उन्हें शुभकामनाएं दी। इस दौरान महासभा के पदाधिकारियों ने कहा कि अवनी तिवारी ने ब्राम्हण समाज के साथ ही पूरे



रूद्रपुर का गौरव बढ़ाया है। इस दौरान महासभा के संरक्षक विकास शर्मा, अध्यक्ष मुकेश वशिष्ठ, प्रदेश महामंत्री, संजीव शर्मा, संगठन मंत्री पदम शर्मा, कोषाध्यक्ष गजानंद शर्मा, उपाध्यक्ष इन्द्रेश मिश्रा, संदीप मिश्रा, नगर अध्यक्ष नितिन कौशिक, मीडिया प्रभारी धीरू त्रिपाठी, अनुज पठक, आदि समेत कई लोग मौजूद रहे।

# भाजपा प्रदेश मंत्री ने दुकानदारों की समस्या का कराया निस्तारण



रूद्रपुर (उद संवाददाता)।प्रदेश मंत्री विकास शर्मा ने सिब्बल सिनेमा, सब्जी मंडी, और मेन बाजार में एनएचएआई के पाइपलाइन प्रोजेक्ट से प्रभावित दुकानदारों की समस्याओं का समाधान किया। उन्होंने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए एनएचएआई के प्रोजेक्ट मैनेजर विकास मित्तल और जल संस्थान के अधिशासी अभियंता तरुण शर्मा से दूरभाष पर बातचीत की। श्री शर्मा ने तत्काल प्रभाव से एई अजय चंद और जेई गौरव सिंह को मौके पर बुलाया और व्यापारियों की समस्याओं को सुना। उन्होंने संबंधित अधिकारियों के साथ मिलकर मौके पर ही समस्याओं का निस्तारण कराया, जिससे प्रभावित दुकानदारों को राहत मिली। बता दें नैनीताल रोड पर डाली जा रही जल संस्थान की पाइपलाइन जो 30 मीटर पर डाली जानी थी इससे लगभग 100 दुकानदार प्रभावित हो रहे थे।मामला भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा के संज्ञान में आने पर उन्होंने एनएचएआई के प्रोजेक्ट मैनेजर और जल संस्थान के अधिशासी अभियंता से वार्ता की जिसके बाद पाइप लाईन बीस मीटर पर डाले जाने की सहमति बनी। जिससे कोई भी दुकानदार सिंपल सिनेमा रोड या सब्जी मंडी का प्रभावित नहीं होगा। इस अवसर पर श्री शर्मा ने कहा कि व्यापारियों के हितों की रक्षा के लिए वह हमेशा तत्पर हैं और सरकार के विकास कार्यों को सुचारू रूप से आगे बढ़ाने के साथ-साथ आम जनता की समस्याओं का समाधान करना उनकी प्राथमिकता है।व्यापारियों ने इस त्वरित कार्रवाई और समर्थन के लिए प्रदेश मंत्री का आभार व्यक्त किया। इस दौरान वरिष्ठ व्यापारी नेता राजकुमार खनिजों ,तिलक बांगा, राजकुमार बांगा, राज कृष्ण खुराना, जगदीश सुखीजा, पंकज बांगा, अनमोल खुराना, कृष्ण पाल खुराना, संदीप मनोचा, देवेंद्र शर्मा, जितेंद्र शर्मा, मुलखराज सुखीजा, पारस गाबा, सतीश शर्मा, मलखान शर्मा, केतन बांगा, हरीश आहूजा, तुसार आहूजा,अश्वनी दुनेजा, ओम प्रकाश, कुणाल बांगा, सरजू सिंह, बबलू सिंह, अमरीक सिंह, अनिल बांगा, अंकुर आहूजा, राजीव मनोचा, गुरमीत सिंह, नवनीत सिंह, रोहित बत्रा, वंश कुमार, राजेंद्र कुमार, पंकज सागर, ओमवीर सागर, सुरेंद्र राजपूत, पंकज कोहली, रोहित कोहली, अनुज पाठक विजय तोमर आदि थे।

# मैक्स हॉस्पिटल के न्यूरो विभाग में 57 वर्षीय मरीज की सफल सर्जरी




हल्द्वानी(उद संवाददाता)। मैक्स हॉस्पिटल पटपड़गंज के डॉक्टरों ने हल्द्वानी के 57 वर्षीय मरीज को नया जीवन दिया है। मरीज रमेश चंद्र भट्ट के ब्रेन में बड़ा क्लॉट हो गया था, जो खून पतला करने के दी दवा के चलते और बढ़ गया था। मरीज को जब अस्पताल में भर्ती किया गया, तब उनकी हालत काफी नाजुक थी। आधी रात को ही न्यूरोसर्जन विभाग में लाइफ सेविंग सर्जरी डीकंप्रेसिव क्रैनिएक्टोमी की गई। सर्जरी के बाद मरीज को आईसीयू में शिफ्ट किया गया और फिर हालत सुधरने पर अच्छी कंडीशन में डिस्चार्ज कर दिया गया। इसके साथ ही 2023 में उनकी क्रेनियोप्लास्टी की गई। मरीज रमेश भट्ट के अस्पताल पहुंचने पर न्यूरोसर्जरी टीम ने उनकी कंडीशन को अच्छे से जांचा। मैक्स हॉस्पिटल पटपड़गंज में न्यूरोसर्जरी व स्पाइन के सीनियर डायरेक्टर डॉक्टर आशीष गुप्ता के नेतृत्व में मरीज को देखा गया। इस दौरान न्यूरोसर्जरी व स्पाइन विभाग के सीनियर कंसल्टेंट डॉक्टर मनीष गर्ग भी रहे। मरीज की गहन क्लिनिकल, न्यूरोलॉजिकल और रेडियोलॉजिकल जांच-पड़ताल की गई, सिर का एनसीसीटी स्कैन भी किया गया जिसमें एक बड़े क्लॉट का पता चला। मैक्स हॉस्पिटल पटपड़गंज में न्यूरोसर्जरी व स्पाइन के सीनियर डायरेक्टर डॉक्टर आशीष गुप्ता ने बताया, श्शमरीज की स्थिति की गंभीरता को देखते हुए न्यूरोसर्जरी टीम ने तत्काल सर्जरी की। ऑपरेशन के बाद मरीज की रिकवरी को मेडिकल टीम ने बहुत ही बारीकी से मॉनिटर किया। इस दौरान मरीज की स्थिति स्थिर रही, और कोई कॉम्प्लिकेशन नहीं था।मैक्स हॉस्पिटल पटपड़गंज में न्यूरोसर्जरी व स्पाइन विभाग के सीनियर कंसल्टेंट डॉक्टर मनीष गर्ग ने कहा, श्शसफल सर्जरी के बाद मरीज की बहुत ही शानदार रिकवरी हुई, उनकी स्थिति स्टेबल रही और उनके महत्वपूर्ण अंग भी नॉर्मल रहे। एक व्यापक केयर प्लान के साथ मरीज को डिस्चार्ज कर दिया गया जिसमें दवाई और फॉलोअप कंसल्टेशन के भी कहा गया। स्थानीय फिजिशियन की मॉनिटरिंग में मरीज की रिकवरी जारी रहेगी और लगातार उनके ब्लड प्रेशर की निगरानी की जाएगी और लक्षणों पर कंट्रोल के लिए डाइट प्लान दिया गया। उन्हें ज्यादा मेहनत वाले काम करने से मना किया गया और दवाओं के साथ-साथ नॉर्मल डाइट लेने को कहा गया।

## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# जन धन योजाना

कई बार साधारण-सी दिखने वाली कोई पहल आगे चलकर दूरगामी महत्त्व की साबित होती है। दस वर्ष पहले जब जन धन खाता योजना की शुरुआत हुई, तो इसे लेकर कई तरह की आशंकाएं जताई गई थीं। मसलन, अगर साधारण लोग बैंक में खाता खोल रहे हैं तो खाता चालू रखने की शर्तों को कैसे और कितने दिन तक पूरा कर पाएंगे और इससे आम लोगों के साथ-साथ देश को क्या लाभ होगा! अब यह कहा जा सकता है कि जन धन खाता योजना में महत्त्वपूर्ण कामयाबी मिली है और एक बड़ा तबका इससे लाभान्वित हुआ है।इसके अलावा, इसने देश की अर्थव्यवस्था में काफी अहम योगदान दिया है। शायद यही वजह है कि जिस समय दुनिया भर में आर्थिक उतार-चढ़ाव और उथल-पुथल है, कई देशों में मंदी का माहौल है, उस समय भारत में केवल जन धन खातों में ढाई लाख करोड़ रुपए से ज्यादा की राशि जमा है।गौरतलब है कि जन धन खाता योजना शुरू होने के बाद समाज का एक बड़ा वंचित और गरीब तबका बैंकिंग क्षेत्र के दायरे आया। इस तबके के लोगों का खाता अगर किसी बैंक या डाकघर में किसी तरह खुल भी जाता था, तो उसे बनाए रखना उनके लिए मुश्किल था। इसके मद्देनजर जन धन खाता योजना में यह सुविधा दी गई कि खाते में न्यूनतम राशि अगर नहीं है, तब भी खाता कायम रहेगा। साथ ही, जमा राशि पर ब्याज मिलने के अलावा एक अहम पहलू दुर्घटना बीमा के तहत अब दो लाख रुपए तक की सुरक्षा राशि दिया जाना है। इस योजना के खाताधारकों को विभिन्न सरकारी कल्याण योजनाओं के तहत मिली राशि सीधे हस्तांतरित करने में मदद मिलती है। आज ग्रामीण लोगों और खासकर महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण में इस योजना ने बड़ी भूमिका निभाई है, जो राष्ट्रीय स्तर पर समावेशी वित्तीय विकास का एक ठोस आधार बना है। यह देखने की बात होगी कि देश के विकास में गरीब तबकों के समावेशन के जिस मकसद से इस योजना की नींव रखी गई थी, वह आने वाले वक्त में किस हद तक वास्तव में जमीन पर उतरती है।

# ऑर्गेनिक उत्पादों के प्रति लोगों में आई जागरूकता : शाह

## राष्ट्रीय सहकारी ऑर्गेनिक्स लिमिटेड एवं जैविक उत्पाद परिषद, उत्तराखण्ड के बीच हुआ एमओयू

नई दिल्ली/ देहरादून(उद संवाददाता)। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की उपस्थिति में शुक्रवार को नई दिल्ली में राष्ट्रीय सहकारी ऑर्गेनिक्स लिमिटेड एवं जैविक उत्पाद परिषद, उत्तराखण्ड के बीच एक अनुबंध पर हस्ताक्षर हुए। इस दौरान श्री अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने लक्ष्य रखा था कि देश की विशाल कृषियोग्य भूमि को जैविक खेती के लिए तैयार करना है। केन्द्रीय सहकारिता मंत्री ने कहा कि आज जैविक खेती का आंदोलन एक महत्वपूर्ण मुकाम पर पहुंच गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने देश के सामने किसानों की आय को दोगुना करने का लक्ष्य रखा और इसके दो महत्वपूर्ण बिंदुओं में से एक बिंदु जैविक खेती को बढ़ावा देना था।उन्होंने कहा कि आज पूरी दुनिया में ऑर्गेनिक उत्पादों के प्रति लोगों में जागरूकता आई है और इसका एक बहुत बड़ा वैश्विक बाजार मौजूद है। इस बाजार का दोहन कर जब हम भारत के हिस्से को बढ़ाते हैं तो जैविक उत्पादों के मुनाफे वाले व्यापार में हमारे किसानों का हिस्सा और उनकी आय बढ़ती है।श्री अमित शाह ने कहा कि जैविक खेती के साथ देश के नागरिकों का स्वास्थ्य भी जुड़ा है। उन्होंने कहा कि फर्टिलाइजर के रूप में हमारे शरीर में जाने वाला कैमिकल कई प्रकार के रोगों का कारण बनता है। इससे भूमि की गुणवत्ता भी कम हुई और कई राज्यों में भूमि सीमेंट जैसी सख्त होने लगी जिसके कारण बाढ़ का खतरा भी बढ़ा है।श्री शाह ने कहा कि ऑर्गेनिक खेती को बढ़ावा देने के लिए मोदी सरकार ने राष्ट्रीय सहकारी ऑर्गेनिक लिमिटेड की स्थापना की। अमूल और छब्ब्स् मिलकर देशभर में अंतर्राष्ट्रीय स्तर की प्रयोगशालाओं का नेटवर्क स्थापित करेंगे जो ऑर्गेनिक भूमि और उत्पाद, दोनों का परीक्षण करेंगे। उन्होंने कहा कि ये दोनों मान्यता प्राप्त संस्थाएं भारत और अमूल ब्रांड के साथ विश्वसनीय ऑर्गेनिक उत्पाद उपभोक्ताओं को उपलब्ध कराने का काम करेंगे।उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सहकारी ऑर्गेनिक्स लिमिटेड के गठन के कुछ ही साल में हम ऑर्गेनिक उत्पादों से मिलने वाले मुनाफे का सारा पैसा उत्पादन करने वाले किसानों के बैंक खाते में जाना सुनिश्चित कर लेंगे। उन्होंने कहा कि ऐसा सिर्फ सहकारी संस्था में ही संभव हो सकता है। उन्होंने देशभर के ऑर्गेनिक खेती में लगे किसानों से राष्ट्रीय सहकारी ऑर्गेनिक लिमिटेड के साथ जुड़ने का आहवान किया।केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने उत्तराखण्ड के किसानों से अपने खेतों को पूरी तरह से जैविक बनाने और अन्य साथी किसानों को प्राकृतिक खेती की ओर प्रोत्साहित करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि अगर पूरा उत्तराखण्ड जैविक हो जाएगा तो वहां फर्टिलाइजर खरीदने वाले लोग ही नहीं बचेंगे।श्री शाह कहा कि मोदी सरकार ने किसानों के उत्पादों के निर्यात के लिए भी एक सहकारी संस्था बनाई है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सहकारी ऑर्गेनिक्स लिमिटेड द्वारा विकसित किए जा रहे भारत ब्रांड को वैश्विक बाजार तक पहुंचाने का काम हमारी दूसरी सहकारी संस्था राष्ट्रीय सहकारी निर्यात लिमिटेड करेगी।इस अवसर पर केन्द्रीय सहकारिता राज्य मंत्री श्री कृष्ण पाल गुर्जर, उत्तराखण्ड सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री गणेश जोशी और केन्द्रीय सहकारिता मंत्रालय के सचिव डॉ. आशीष कुमार भूटानी सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।




# गुरुद्वारा श्री दुख निवारण साहिब की 50 वीं वर्षगांठ पर महान कीर्तन दरबार 4 सितंबर को

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। साहेब श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी का पहला प्रकाश पर्व हर वर्ष की बहुत बड़ी धूमधाम के साथ श्रद्धा के साथ मनाया जाएगा। साथ ही गुरुद्वारा श्री दुख निवारण साहिब की 50 वीं वर्षगांठ स्वर्ण हर्षोल्लास के साथ मनाई जाएगी। पत्रकार वार्ता गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने बताया कि सभी कार्यक्रम की शुरुवात श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के सम्मुख हुजूरी में अरदास के साथ प्रारंभता की जाएगी।उन्होंने बताया कि गुरुद्वारा श्री दुख निवारण साहिब जी की स्थापना सितंबर 1974 को एक छोटे से हॉल से की गई थी। जिसमें बाबा जी की बीड़ साहब जी श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी को आदर सत्कार व अरदास के साथ विराजमान साध संगत जी द्वारा कराए गए। शुरुआत में गुरुद्वारा राजपुरा के नाम से गुरुद्वारे की शुरुआत की गई थी। समय के साथ-साथ बहुत कुछ बदला प्रबंधक कमेटीया बदली गई। इस बीच गुरुद्वारे को एक नए स्वरूप के साथ नई बिल्डिंग बनायी गई। साथ ही गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी एवम बड़े बुजुर्ग और युवाओं ने मिलकार बेहद खूबसूरत नई साज सज्जा के साथ गुरुद्वारा बनवाया। साथ ही नया नाम गुरुद्वारा श्री दुख निवारण साहिब राजेंद्र नगर रखा गया। इस साल लगभग डेढ़ माह पूर्व से 2024 के कार्यक्रम की शुरुआत सहज लड़ी पाठ प्रारम्भता के साथ अरदास कराई जाएगी। आज शनिवार शाम 6:30 बजे से रात्रि 9:00 बजे तक कीर्तन शबद होंगे जिसमे भाई जगजीत सिंह व सहजपाल सिंह जी पटियाला वाले, ज्ञानी गुर्जर सिंह असद, ज्ञानी नरेंद्र सिंह करनाल शबद कीर्तन करेंगे। 1 सितंबर दिन रविवार प्रात: 5 बजे से प्रभात फेरी गुरुद्वारा श्री दुख निवारण साहिब से प्रारंभ होकर गुरुद्वारा श्री गुरु नानक पुरा तक जाएगी। गुरमत समागम1 सितंबर दिन रविवार रात 8 बजे से 10:30 बजे तक कीर्तन होंगे।2 सितंबर दिन सोमवार को प्रात: 8 बजे श्री अखंड पाठ साहिब जी की प्रारम्भता होगी। साथ ही प्रोग्राम भाई साहब भाई कमल दीप सिंह जी, तनप्रीत सिंह जी चंबा हिमाचल प्रदेश द्वारा सुबह 8:30 से प्रात:10 बजे तक शबद कीर्तन होंगे।इनके द्वारा ही रात्रि 8 बजे से रात्रि 10 बजे तक कीर्तन द्वारा साध संगत कोअपनी वाणी से निहाल किया जायेगा। उन्होंने बताया कि गुरमत समागम में तीन सितंबर दिन मंगलवार को सुबह 8 बजे से 10:30 बजे तक बजे और रात्रि 8 बजे से 10:30 बजे तक भाई सरबजीत सिंह पटना साहिब वाले शब्द कीर्तन करेंगे। 4 सितंबर दिन बुधवार सुबह 8 बजे श्री अखंडपाठ साहिब जीसमाप्ति के साथ अरदास कराई जाएगी। विशेष मुख्य गुरमत समागम में महान कीर्तन दरबार जिसमें भाई साहब भाई गुरुमीत सिंह शांत हजूरी रागी जत्था श्री दरबार साहिब अमृतसर वाले,भाई साहब भाई चमनजीत सिंह जी लाल कीर्तन जत्था दिल्ली,ज्ञानी हरप्रीत सिंह जी मक्कू कथा वाचक पंजाब द्वारा कार्यक्रम को क्रमवार कराया जायेगा। प्रात: 8 बजे कीर्तन एव कथावाचक शाम 4 बजे तक समय के साथ साथ समूह-साध संगत को निहाल करेंगे।सभी कार्यक्रमों के बाद साथ साथ गुरु का अटूट लंगर भी बाटा जाएगा। इस दौरान गुरुद्वारा श्री दुख निवारण साहिब प्रबंधक कमेटी के मुखय सेवादार रणजीत सिंह नागपाल,उपाध्यक्ष फतेह सिंह कुकरेजा, सेक्रेटरी हरविंदर सिंह कुकरेजा, स्टेज सेक्रेटरी इंद्रजीत सिंह, केशियर देवेन्द्र जीत सिंह, लंगर इंचार्ज परमजीत सिंह, मीडिया प्रभारी दलजीत सिंह नागपाल दल्ली, पवनप्रीत सिंह राजेंद्र गुलाटी, हरजीत सिंह, राजा नागपाल, परविंदर सिंह आदि मौजूद रहे।



# पूर्व विधायक ठुकराल ने अवनि तिवारी को किया सम्मानित

रूद्रपुर(उद सवाददता)। अवनि तिवारी पीसीएस परीक्षा पास कर पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) का पद प्राप्त किया जाने पर पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने उनके आवास रुद्रपुर मॉडल कॉलोनी पहुंच कर राधा कृष्ण की प्रतिमा देखकर सम्मानित किया एवं शुभकामनाएं दी। पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने कहा अवनि तिवारी ने शीर्ष स्थान हासिल कर रुद्रपुर सहित पूरे उत्तराखंड को



गौरवान्वित करता है। पूर्व विधायक ठुकराल ने अवनि तिवारी से वार्ता की अवनि तिवारी ने बताया कि जो 2021 में पीसीएस परीक्षा में प्रयास किया था। चुनौतियों का सामना करने के बावजूद, मैने हार नहीं मानी और अंतत: 2023 में सफलता हासिल की, पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने आवास पर पहुँच कर अवनि तिवारी को उनको उज्जवल भविष्य के लिये शुभकामनाएं दी । इस दौरान पिता दूरसंचार विभाग से रिटायर आर. पी, तिवारी,माता सेंट मैरी स्कूल की अध्यापिका पुष्पा तिवारी ,संजय ठुकराल,राजकुमार भुसारी,बंटी कोली,ललित बिष्ट आदि उपस्थित थे

# रेलवे ट्रेक पर गिरे व्यक्ति की उपचार के दौरान मौत

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। विगत प्रात: भूरारानी मार्ग पर रेलवे ट्रेक पार करने के दौरान एक व्यक्ति असंतुलित होकर ट्रेक पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया था। जिसे उपचार के जिए जिला चिकित्सालय ले जाया गया जहां उसने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। मामले की जानकारी मिलने पर पुलिस ने शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। जानकारी के अनुसार हंस कालोनी निवासी 57 वर्षीय सुरेश चन्द्र पुत्र स्व. मंगत राम गुरूवार को प्रात: 5.30 बजे किसी काम के लिए आदर्श इंदिरा बंगाली कालोनी जाने के लिए मार्ग में रेलवे ट्रेक पार कर रहे थे। इसी दौरान वह असंतुलित होकर ट्रेक पर गिर गये और गंभीर रूप से घायल हो गये। परिजन उन्हें उपचार के लिए जिला चिकित्सालय ले गये। जहां सुरेश ने गत सायं उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। जानकारी मिलने पर पुलिस ने चिकित्सालय पहुंचकर परिजनों से आवश्यक जानकारी ली और शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया।

# छात्र-छात्राओं ने किया कोतवाली का भ्रमण

किच्छा(उद संवाददाता)। नगर के स्कूली छात्र-छात्राओं ने किच्छा कोतवाली में भ्रमण कर पुलिस द्वारा अपनाई जाने वाली कार्यप्रणाली के साथ कानून की जानकारी जानकारी प्राप्त की । नगर के राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के सैकड़ो छात्र-छात्राओं ने आज समस्त अध्यापकों के साथ कोतवाली पहुंचकर कोतवाली का भ्रमण किया तथा कोतवाली में की जाने वाली व्यवस्था को दिखा जिसमें कोतवाली प्रभारी द्वारा कोतवाली में सभी प्रक्रियाओं को छात्रों को समझाया।छात्रों को अपराधों से दूर रहने का संकल्प दोहराया। इस अवसर पर राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य मानवेंद्र सारस्वत ने कोतवाली प्रभारी का आभार व्यक्त करते हुए कहां की प्रत्येक व्यक्ति को कानून की जानकारी होनी चाहिए तथा पुलिस द्वारा कानून प्रक्रिया को बनाए रखने हेतु अपने जाने वाले व्यवस्था को भी प्रत्येक नागरिक को जानना चाहिए इसी जानकारी को छात्रों तक पहुंचाने के लिए आज छात्रों का कोतवाली भ्रमण कार्यक्रम किया गया तथा छात्रों को कानून की जानकारी दी गई । कोतवाली में पुलिस की कार्य प्रणाली से अवगत कराया।इस अवसर पर मुख्य रूप से योगा टीचर पूजा चौहान, अध्यापक हेमंत कुमार पांडे, बदरुद्दीन, सूर्य प्रकाश, देवेंद्र सिंह चौहान के अलावा निवर्तमान व्यापार मंडल महामंत्री विजय अरोड़ा भी मौजूद थे ।




# लाखों की स्मैक सहित दो तस्कर दबोचे

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। लाखों की स्मैक के साथ पुलिस ने दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर नशा माफियाओं के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत एसपी सिटी प्रकाश चन्द्र व क्षेत्राधिकारी नितिन लोहनी के पर्यवेक्षण में एएनटीएफ टीम ने मण्डी बाईपास रोड पर पी०डब्ल्यू डी० गोदाम के पास सन्दीप मनी पुत्र राजेन्द्र मनी निवासी आनन्दबाग तल्ला गोरखपुर हल्द्वानी के कब्जे से 26.10 ग्राम स्मैक, और जसवन्त सिंह पुत्र स्व० सुनील सिंह बिष्ट निवासी आदर्श नगर गली नं0 6 मुखानी के कब्जे से 27.40 ग्राम स्मैक बरामद कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया। दोनों के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में केस दर्ज करने के बाद कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई की गयी। पुलिस टीम में प्रभारी एएनटीएफ नैनीताल रविन्द्र सिंह राणा,कांस्टेबल अरविन्द सिंह कार्की, सोनू सिंह ,राजेन्द्र जोशी ,नवीन कुमार आदि शामिल थे।

# तिगुना रॉयल्टी दरों को कम करे सरकार

बागेश्वर(उद संवाददाता)। ठेकेदार संघ का पूर्व में लंबित देयकों का भुगतान करने और रॉयल्टी दरें कम करने समेत अन्य 23 सूत्री मांगों को लेकर आंदोलन जारी है।ठेकेदारों ने सरकारी कार्यालयों में चल रही ऑनलाइन टेंडर प्रक्रिया का बहिष्कार किया। सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर जल्द समस्याओं के निदान की मांग की। शुक्रवार को संगठन के जिलाध्यक्ष हीरा बल्लभ भट्ट के नेतृत्व में ठेकेदारों ने अपना विरोध प्रदर्शन जारी रखा।और लोनिवि गेस्ट हाउस में धरना दिया। वहीटेंडर प्रक्रिया में खनन सहित अन्य कार्यो में रायल्टी दरों को तीन गुना करने को ठेकेदारों के साथ अन्याय करने की बात कही, कहा कि विकास कार्यो में कड़ी मेहनत से ठेकेदार न्यूनतम दरों में अपनी रोजी रोटी के लिए कमाई के लिए कड़ी मेहनत करते है, जबकि विकास कार्यो के लिए बैंकों से महंगे व्याज दरों में लोन लेकर जैसे तैसे कार्य करते है, उसके बाद भी लम्बे समय तक उन्हें निविदा राशि का भुकतान नही हो पाता है, अपने पैसों के लिए विभागों के चक्कर काटने पड़ते हैं, ऐसे में समय से जिन विभागों द्वारा देयकों का भुकतान नही किया जाता है बजट नही होने का बहाना बनाकर समय से पैसा नही



चुकाने वाले विभागों को भी सरकार द्वारा एक नियमावली बनाकर समय से भुकतान नही हो पाने पर उन्हें निविदा राशि से दोगुना भुकतान देने का शासनादेश जारी करना चाहिए, किसी भी सरकारी कार्यालयों में सरकार द्वारा बढ़ाए गए रॉयल्टी दरों को पूर्ववत करने और लंबित समस्याओ का समाधान नही होने तक सरकारी निविदाओं का बहिष्कार करने,विकास कार्यों की निविदाओं का बहिष्कार किया गया।वही किसी भी ठेकेदार द्वारा जबरन टेंडर प्रक्रिया में भाग लेकर संगठन की एकता को कमजोर करने की कोशिश करने वाले ठेकेदारों के विरुद्ध एकजुट होकर ऐसे विघटनकनकारी तत्वों को चेतावनी देते हुए संगठन हित में एकजुट होने की अपील की।मालूम हो कि गत दिनों स्वास्थ विभाग सहित अन्य विभागों में हुई टेंडर प्रक्रिया में विरोध के बावजूद टेंडर प्रक्रिया में हिस्सेदारी की गई। संगठन पदाधिकारियों ने ऐसे लोगों को संगठन के विरुद्ध कार्य करने वालों के विरुद्ध मोर्चा खोलने, की चेतावनी दी।जिसके बाद टेंडर प्रक्रिया को संगठन के विरोध के बाद निविदा को रोका गया। कहा कि टेंडर के बहिष्कार की सूचना देने पर भी कुछ संस्थाएं और ठेकेदार गुप-चुप तरीके से टेंडर प्रकिया को सुचारू कर रहे हैं। संघ के आंदोलन को कमजोर करने वाले लोगों के निर्माण कार्यों की सूचना के अधिकार के माध्यम से जांच कराई जाएगी।धरने के दौरान राहुल सिंह दफौटी,अनिल टँगड़िया, प्रमोद मेहता,विवेक तिवारी, महेश खेतवाल, नर सिंह रावत, हरेंद्र सिंह, दीपक परिहार,शेर सिंह बिष्ट, मोहन सिंह रावत, भुवन भैसोड़ा आदि मौजूद रहे।

# नगर में उचित पार्किंग व्यवस्था के लिए किया संयुक्त निरीक्षण

बागेश्वर(उद संवाददाता)। जिला मुख्यालय में बढ़ती वाहनों की संख्या को देखते हुए पालिका क्षेत्र में प्रत्येक मार्ग पर उचित वाहन पार्किंग व्यवस्था के लिए प्रशासन द्वारा अब पहल तेज कर दी गई है।शुक्रवार को उपजिलाधिकारीसदर मोनिका के नेतृत्व में संयुक्त टीम द्वारा नगर क्षेत्र में विभिन्न पार्किंग स्थलों का निरीक्षण किया गया।वही नगर मे विभिन्न स्थानों में वाहनों की उचित पार्किंग व्यवस्था के लिए परिवहन विभाग, पालिका और अन्य कार्यदाई संस्था के अधिकारियों के साथ विभिन्न स्थानों में पार्किंग व्यवस्था के लिए उचित स्थानों का चयन किया गया।उपजिलाधिकारी सदर मोनिका ने अपनी विशेष पहल से पालिका क्षेत्र में उचित पार्किंग व्यवस्था, नगर वासियों व्यवसाइयों को भविष्य में कोई असुविधा नही हो इसके लिए सभी नगरवासियों के सहयोग से विभिन्न स्थानों में सुलभ पार्किंग व्यवस्था बनाने के लिए उचित स्थानों का चयन कर शीघ्र प्रस्ताव बनाकर पार्किंग स्थलों का निर्माण कार्य कराने की प्रक्रिया कराने के लिए प्रयास किए जाने की बात कही, वही अधिकारियों को जल्द उचित स्थानों का चयन कर जल्द पार्किंग स्थलों को बनाने के लिए प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। वही नगर क्षेत्र में तहसील रोड के गोमती पुल, स्टेशन रोड में बनाई गई पार्किंग,जो किविवाद के चलते बंद है उसे खोलने के प्रयास, वही गरुड़ रोड में बन रहे निर्माणाधीन मल्टीपल पार्किंग भवन का निर्माण के लिए प्रयास, साथ ही भराड़ी, कांडा, ताकुला, नदीगांव रोड में पर्याप्त पार्किंग व्यवस्था के लिए पार्किंग व्यवस्था कराने के लिए संयुक्त निरीक्षण किया।इस दौरान एआरटीओ रत्नाकर सिंह, और परिवहन कर अधिकारी हरीश रावल, तहसीलदार दलीप सिंह बिष्ट, ईओ हयात सिंह परिहार, कोतवाल कैलाश नेगी आदि मौजूद थे।

# खटीमा विधायक वायदों को पूरा करने में नाकाम: नामधारी

खटीमा (उद संवाददाता)। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने एक प्रेस वार्ता के माध्यम से खटीमा विधायक के कार्यकाल की नाकामियां गिनाई। ब्लाक प्रमुख रंजीत सिंह नामधारी ने प्रेस वार्ता में कहा कि विधायक अपनी नाकामियों को छुपाने के लिए बार बार मुख्यमंत्री पुष्कर धामी के विकास कार्यों की नकारात्मक छवि बनाने का प्रयास कर रहे हैं। जनता के बीच ना जाकर विधायक ने धरना प्रदर्शन को अपनी साप्ताहिक दिनचर्या में शामिल कर धरना मंत्री बनने का सपना देख रहे हैं,प्रदेश कार्यकारणी सदस्य रमेश चंद्र जोशी ने कहा कि विधायक ईमानदारी से अपने द्वारा चुनाव से पूर्व की गई घोषणा को पूरा करने मे नाकामयाब रहे हैं अपनी नाकामियों पर पर्दा डालने के लिऐ बार



बार सरकार पर आरोप लगाना उनको शोभा नही देता। विधयक अपनी कार्यशैली बदल कर जनता की समस्याओं का निराकरण करें। जनता छोटी छोटी समस्याओं के लिए इधर उधर भटक रही है और विधायक जुमलेबाजी कर जनता को गुमराह कर रहे हैं। प्रेस वार्ता में नगर अध्यक्ष जीवन धामी, नगर महामंत्री मनोज वाधवा, जिला महामंत्री सतीश गोयल, पूर्व सैनिक संगठन के अध्यक्ष गंभीर सिंह धामी, बीजेपी नेता नवीन बोरा, चकरपुर मंडल अध्यक्ष विक्रम भट्ट, किशोर जोशी, भवानी भंडारी, करन यादव उपस्थित थे।

# बैंक से लिया ऋण वापस न करने पर दो फर्मों के खिलाफ रपट

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। यूको बैंक रूद्रपुर शाखा से ऋण लेने के बाद वापस न करने पर बैंक मैनेजर द्वारा अलग अलग मामलों में दो फर्मो के विरूद्ध न्यायालय के आदेश पर मुकदमा दर्ज कराया गया है। दर्ज रपट में अमीश नाथ झा पुत्र उमा नाथ झा द्वारा अधिकृत अधिकारी / शाखा प्रबंधक चीफ मैनेजर, यूको बैंक शाखा रुद्रपुर ने मैसर्स, ड्रीम इंटरप्राइजेज की स्वामी प्रोपराईटर, श्रीमती सपना पत्नी नीरज मैस्सी निवासी सिंह कॉलोनी, रुद्रपुर के विरूद्ध कहा है कि श्रीमती सपना ने 45,00,000 रुपये 13. 8 2021 को व 35,00,000 रुपये 5-07-2021 को उद्योग स्कीम के अन्तर्गत अंतदृष्टि बन्धक सम्पति/ सामान के बाबत लोन प्राप्त किये थे। 4-लेकिन श्रीमती सपना द्वारा समय पर ऋण का भुगतान नहीं किया गया। श्रीमती सपना के दोनों ऋण खाते 28-02-2023 को एनपीए हो गये। इसके उपरान्त बैंक के अधिकारी द्वारा अनेकों बार विपक्षी को इस सम्बन्ध में अवगत कराया, परन्तु मैसर्स ड्रीम इन्टरप्राइजेज के स्वामी प्रोपराईटर श्रीमती सपना द्वारा ऋण का भुगतान नहीं किया गया बैंक के अधिकारी द्वारा 27-03-2023 को बिजनेस स्थल / साईट का निरीक्षण किया गया तो ज्ञात हुआ कि श्रीमती सपना द्वारा बिजनेस बंद कर दिया गया है तथा बैंक में दृष्टीबंधक की गयी संपत्ति सामान को बिना अनुमति विक्रय कर दिया गया और लिये गये ऋण धनराशि का सही उपयोग नहीं करते हुयेदुरुपयोग किया है। वहीं एक अन्य मामले बैंक मैनेजर ने मैसर्स बाठला इंटरप्राइजेज के स्वामी प्रोपराईटर अंकित बाठला पुत्र सुरेन्द्र कुमार बाठला कार्यस्थल का पता-ग्राम महेशपुर, गदरपुर रोड के विरूद्ध दर्ज रपट में कहा है कि अंकित बाढला पुत्र सुरेन्द्र कुमार बाठला ने वादी शिकायतकर्ता बैंक शाखा रुद्रपुर से 95,00,000 रुपये ऋण खाता से 1-06-2021 को उद्योग स्कीम के अन्तर्गत अंतदृष्टि बन्धक सम्पति /सामान के बाबत लोन प्राप्त किया था। लेकिन समय पर ऋण का भुगतान नहीं किया गया। जिस कारण उनका वर्णित ऋण खाता 28-01-2023 को एनपीए हो गया। इसके उपरांत बैंक के अधिकारी द्वारा अनेकों बार अंकित बाठला को इस सम्बन्ध में अवगत कराया परन्तु बकाया ऋण का भुगतान नहीं किया गया। जब बैंक अधिकारी द्वारा 27-03-2023 को बिजनेस स्थल का निरीक्षण किया गया तो ज्ञात हुआ कि अंकित बाढला द्वारा बिजनेस बंद कर दिया गया है तथा बैंक में दृष्टीबंधक की गयी संपत्ति सामान को बिना बैंक की अनुमती से विक्रित कर बैंक के साथ छल किया।

# नानकमत्ता में तीन अक्टूबर से होगा रामलीला का आयोजन

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। श्री रामलीला कमेटी की बैठक बैठक में पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी रामलीला करने का निर्णय लिया गया। रामलीला का आयोजन 3 अक्टूबर से 12 अक्टूबर तक किया जाएगा। रामलीला कमेटी की बैठक खटीमा रोड स्थित पैलेस में सरदार प्रेम सिंह टुरना की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में इस वर्ष होने वाली श्री रामलीला के आयोजन की तैयारी की विस्तृत चर्चा की गई। जिसमें रामलीला अभिनय करने वाली पार्टी, बिजली व्यवस्था, साउंड व्यवस्था, अनुशासन व्यवस्था तथा श्री



रामलीला बारात के भव्य आयोजन की चर्चा हुई। बैठक में तय किया गया कि पिछली बार की भांति इस बार भी पिछली बार की अपेक्षा और भव्य रामलीला का आयोजन कर के लिए व्यापक तैयारियां अभी से शुरू कर दी जाएगी। रामलीला का मंचन 3 अक्टूबर से लेकर 12 अक्टूबर तक खटीमा रोड स्थित पैलेस में होगा। बैठक में रामलीला कमेटी के पदाधिकारी ने निवर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष प्रेम सिंह टुरना, अशोक सिंह राणा, पूर्व ब्लाक प्रमुख भुवन सिंह राणा, ज्ञान सिंह राणा, भाकुन सिंह राणा, ध्रुव सिंह राणा,आनन्द सिंह राणा, रिटायर शिक्षक दयाशंकर शर्मा, रितेश गुप्ता, सौरभ भारती ,हरनाम सिंह ,नीशिकेत भट्ट ,संजय सिंहआदि सम्मिलित हुए।

## पेज एक का शेष...

**बिगड़ी कानून व्यवस्था के....**आईएसबीटी में युवती के साथ सामूहिक बलात्कार, द्वाराहाट के सल्ट में भाजपा मण्डल अध्यक्ष द्वारा किशोरी से दुष्कर्म की घटनायें मानवता को शर्मशार करने वाली तथा देवभूमि की अस्मिता को कलंकित करने वाली हैं। महिला अपराध की घटनाओं में उत्तराखण्ड राज्य सभी हिमालयी राज्यों में पहले स्थान पर पहुंच चुका है। परन्तु राज्य की भाजपा सरकार महिला अपराध की इन घटनाओं को रोकने की बजाय इस प्रकार के अपराध करने वालों की संरक्षक बनी हुई है। उत्तराऽण्ड में बिगड़ी कानून व्यवस्था एवं बढ़ती महिला अपराध की घटनाओं को लेकर समय-समय पर कांग्रेस पार्टी विरोध करती आ रही है और सरकार से कानून व्यवस्था दुरूस्त करने की मांग करती रही है लेकिन सरकार इन अपराधों को रोकने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठा रही है। जिसके चलते उत्तराऽण्ड में महिलाएं और बेटियां ऽुद को असुरक्षित महसूस कर रही है। राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदेश में कानून व्यवस्था को मजबूत बनाने और महिला अपराधों को रोकने के लिए सख्त कदम उठाये जाने, रूद्रपुर के नर्स हत्याकाण्ड की सीबीआई जांच एवं प्रदेश में महिला अपराध की सभी घटनाओं के दोषियों को सख्त से सख्त सजा दिलाये जाने की मांग की। इस अवसर पर उमर अली, सौरभ चिलाना, मीना शर्मा,ममता रानी, पीवी टमटा, अरशद खां, सतीश कुमार, केपी गंगवार, काजल गंगवार, काजल चौळान, अबरार अली, सन्नी राठौर, इदरीश गोला, सुमित राय, बेबी सिकदार, सुजीव रस्तौगी, सुमित दिवाकर, अशफाक अली, सपना गिल, मनोज कुमार अशोक मण्डल, रोहित चौहान, राम कृष्ण सेनी, संजय, छत्रपाल, कालीचरण, बाबू विश्वकर्मा, सुभाष दिवाकर आदि समेत तमाम कांग्रेसी थे। <u>गदरपुर</u>- प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर नगर कार्यकारिणी अध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा के नेतृत्व में कार्यकर्ता गुरुद्वारा के पास एकत्र हुए और प्रदेश सरकार का पुतला दहन किया।शैलेंद्र शर्मा ने कहा कि उत्तराखंड में महिलाओं पर अत्याचार बढ़ रहा है लेकिन सरकार खामोश है। शराफत अली मंसूरी ने कहा कि अभी तक तस्लीम जहां के परिजन सी बी आई की मांग कर रहे है अभी तक सरकार ने कोई ठोस कार्यवाही नही की है। इस अवसर पर प्रधान संघ के अध्यक्ष गुरविंदर विर्क, सफीक उर्फ भूरा, प्रधान दिलशाद, प्रधान शराफत अली मंसूरी, प्रधान त्रिलोक, महामंत्री मुकेश भगत, संजीव अरोरा, अमरजीत सिंह, विलन चौधरी, राजेश बाबा, अजय गाबा, सलीम बाबा सुनील कुमार, साहिल गुंबर, इस्तकार अली, मोहम्मद रिजवान, ताहिर अली,शाहिद अली, वसीम, आमिल सलमानी,रोहित मुरादिया, असलम पासा, मोइन, विजय गुंबर, नवीन जोशी, राकेश कुमार,मनमीत पिंटू,मनजीत सिंह खालसा, बलविंदर, राजू आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे। <u>सितारगंज</u>- राज्य में महिला शोषण के बढ़ते मामलों के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राज्य सरकार का पुतला दहन कर विरोध जताया। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में लगातार महिला और मासूमों पर अपराध बढ़ रहे हैं। शनिवार को नगर कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ता मुख्य चौराहे पर पहुंचे। यहां उन्होंने प्रदेश सरकार का पुतला जलाया। वक्ताओं ने आरोप लगाया कि राज्य में महिलाओं और मासूम बालिकाओं के साथ बलात्कार की घटनाएं घट रही हैं। सल्ट थाना क्षेत्र में भाजपा के पदाधिकारी पर छेड़छाड़ का मुकदमा दर्ज हुआ है। जिसकी कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने निंदा की। इस मौके पर सरताज अहमद, सुरेंद्र सिंह, हरीश दुबे, हसनैन मलिक, सिराजुद्दीन, साहब सिंह, मुख्तियार अहमद, शाकिर अली बब्बू, विपिन खोलिया, हरप्रीत सिंह हैप्पी मौजूद रहे। **<u>रामनगर</u>**- उत्तराखंड में बढ़ते महिला अपराधो के खिलाफ शनिवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने रामनगर में प्रदेश सरकार के खिलाफ सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन करते हुए सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए रानीखेत रोड पर प्रदेश सरकार का पुतला दहन किया कांग्रेस नगर अध्यक्ष भुवन शर्मा ने बताया कि आज भाजपा सरकार के राज में देवभूमि लगातार कलंकित हो रही है उन्होंने कहा कि लगातार उत्तराखंड में महिलाओं के साथ जघन्य अपराधों की घटनाएं घटना अब आम बात हो गई है उन्होंने कई महिला उत्पीडन की घटनाओं की बात करते हुए कहा कि सरकार की लापरवाही के चलते अब महिलाओं का सड़कों पर निकलना भी मुश्किल हो गया है उन्होंने कहा कि लगातार जिस प्रकार महिलाओं के साथ घटना घट रही है उससे जहां एक और महिलाओं में डर का माहौल पैदा हो रहा है तो वही उत्तराखंड भी पूरी तरह शर्मसार हो रहा है उन्होंने सरकार से दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के साथ ही महिलाओं की सुरक्षा किए जाने की मांग की है साथ ही मांग पूरी न होने पर उग्र आंदोलन करने की भी चेतावनी दी है ।शक्तिफार्म-नगर के सुभाष चौक पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए पुतला दहन किया। इस दौरान सितारगंज ब्लॉक अध्यक्ष उत्तम आचार्या ने कहा कि उत्तराखंड प्रदेश मे अपराध की घटनाओ का ग्राफ हद से ज्यादा बढ़ गया है,एक तरफ सत्ताधारी पार्टी कहती है,की बेटी बचाओ,बेटी पढ़ाओ मगर दूसरों तरफ महिलाओ और बेटिओं की सुरक्षा के कोई भी पुख्ता इंतजाम नही है,बलात्कार,निर्मम हत्या जैसी जघन्य अपराधों पर अंकुश लगाने मे मौजुदा सरकार विफल है। प्रदेश सरकार की कथनी और करनी मे बहुत बढ़ा फर्क है। इस मौके पर उत्तम आचार्य ब्लॉक अध्यक्ष,सुमिंदर यादव युवा विधानसभा अध्यक्ष, सरस्वती वाला महिला ब्लॉक अध्यक्ष, विभूति प्रसाद एस सी मोर्चा अध्यक्ष, सुकुमार चक्रवर्ती उपाध्यक्ष, विनय विश्वास महासचिव,रामपाल साहनी जिला उपाध्यक्ष, रंजीत सचिव,रिपुसूदन मण्डल,श्रीकांत,नारायण सरकार,अमित सरकार,विष्णु तरफदार,नैना वाइन,प्रशांत मण्डल,चक्रधर,विश्वजीत मिस्त्री,सूर्य प्रताप सिंह जिला उपाध्यक्ष युवा,अमरजीत सिंह,गुरदेव सिंह,लक्ष्मी चौधरी नगर अध्यक्ष महिला,संजय विश्वास,उर्मिला सरकार,अभिषेक साहनी, प्रदीप साहनी,विपलव शील,अनिता ,बाबूराम,आदि शामिल थे।

**कब्रिस्तान में फांसी पर लटका...**भी वहां पर आ पहुंचे और विरलाप लगे। पुलिस ने शव को चिकित्सालय पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित किया। पुलिस ने शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। इधर परिजनों का आरोप है कि अज्ञात लोगों द्वारा मकबूल की हत्या कर उसे कब्रिस्तान में पेड़ पर फांसी से लटका दिया गया। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**सड़क हादसे में घायल बाईक....** जिससे उस पर बैठे आदित्य कुमार व शत्रुघन को गम्भीर चोटें आयी। लोगों की मदद से दोनों घायलों को निजी अस्पताल रुद्रपुर ले जाया गया। जहां पर डॉक्टरों ने आदित्य कुमार को रेफर कर दिया। जहां पर ईलाज के दौरान आदित्य कुमार की मृत्यु हो गयी तथा शत्रुघन की हालत गम्भीर बनी हुई है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी ट्रेक्टर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

**पीसीएस अधिकारी बनी.....**परिवार और समाज के सहयोग से सम्मानित किया जाएगा। इस दौरान साध्वी आशा भारती ,कमलेश मिड्ढा,शोभा मिड्ढा ,विनय मिड्ढा ,सुरभि मिड्ढा, क्षितिज मिड्ढा, स्वाती मिड्ढा ,अनुज मिड्ढा, अक्षत मिड्ढा ,सरगम गुलाटी, पुनीत गुलाटी, श्यामलाल सुखीजा, धर्मेंद्र खेड़ा, हरबंस लाल अरोड़ा सुरेंद्र मीठा नवीन दसूजा ,दीक्षा दसूजा अमित पुरोहित बलदेव राज छाबड़ा वेद ठुकराल सूरज नारंग राजेंद्र बजरंगी राजेंद्र पाल सिंह राज कोली समेत तमाम लोग मौजूद थे।

**संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा**
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
**सम्पादक- परमपाल सुखीजा**
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
**E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in**
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# भारतीय संस्कृति को विश्व संस्कृति बनाने में जुटें युवा: डा. पण्ड्या







## डॉ. चिन्मय पण्ड्या ने कुमाऊँ मंडल के हजारों युवाओं को दिया सही जीवन दिशाबोध
## जेसीज में मानव जीवन वरदान या अभिशाप विषय पर युवाओं को किया सम्बोधित

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। जेसीज स्कूल के सभागार में आयोजित गायत्री परिवार उत्तराखंड कुमाऊँ मंडल की संगोष्ठी मेंअखिल विश्व गायत्री परिवार के यूथ आइकॉन युवा प्रतिनिधि एवं देसंविवि के प्रतिकुलपति डॉ चिन्मय पण्ड्या ने युवाओं को सही जीवन जीने संदेश दिया। उन्होंने मानव जीवन वरदान या अभिशाप विषय पर विस्तार से अपनी बात रखी। कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्जवलन के साथ किया गया। इस दौरान डॉ चिन्मय पण्ड्या ने मानव जीवन वरदान या अभिशाप विषय पर अपना उद्बोधन देते हुए कहा कि ईश्वर की श्रेष्ठतम कृति इंसान की रचना है। भगवान ने इंसान को सबसे शाक्तिशाली बनाया है ताकि हम सर्वश्रेष्ठ समाज की रचना कर सकें। उन्होंने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड की भूमि देवताओं की भूमि रही है, हमारी जिम्मेदारी है कि हम मानव एवं समाज कल्याण के कार्यों को करने में सबसे अग्रणी रहें ताकि दूसरे हमसे प्रेरणा ले सकें। उन्होंने कहा कि मानवता के उत्थान के लिए ऐसे प्रयास हमें करने होंगे जिससे समस्त समाज मिलकर रहें, सभी एक दूसरे के सकारात्मक कार्यों में सहयोग करें। उपस्थित हजारों लोगों को आत्मोकर्ष के लिए नियमित उपासना, साधना आराधना की प्रेरणाएं दी। साथ ही परिजनों को नशामुक्ति पर्यावरण के प्रति जागरुकता, वृक्षारोपण जलसंरक्षण, बाल संस्कार शाला जैसे रचनात्मक कार्यों में सक्रिय भागीदारी की प्रेरणाएं भी प्रदान की गई। डॉ चिन्मय पण्ड्या ने युवाओं में आत्मविश्वास जगाने तथा मानवता को सही राह दिखाने के लिए परम पूज्य गुरुदेव पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य जी के साहित्य को जन जन तक पहुंचाने का



आवाहन उपस्थित लोगों से किया। उन्होंने कहा कि देश और संस्कृति के उत्थान के लिए यह आवश्यक ही नहीं अनिवार्य भी है। भारतीय संस्कृति को विश्व संस्कृति बनाने के लिए नई पीढ़ी को आगे आना ही होगा। इस अवसर पर युवा शक्ति ने वंदनीया माताजी के जन्मशताब्दी 2026 के अवसर पर समाज कल्याण में सक्रिय भागीदारी का संकल्प लिया। संगोष्ठी में अल्मोड़ा, नैनीताल, चंपावत, रायपुर, उधम सिंह नगर के सभी तहशील काशीपुर, बाजपुर, गदरपुर, पंतनगर, हल्ध्द्वानी, बनबासा सितारगंज खटीमा आदि क्षेत्र के हजारों युवा उपस्थित रहें।पहली बार रूद्रपुर पहुंचने पर डा. चिन्मय मण्ड्या का जोरदार स्वागत किया गया। पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल के अलावा वरिष्ठ भाजपा नेता भारत भूषण चुघ ने भी डा. प्रवण पण्डया का शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया और उनसे आशीर्वाद लिया। साथ ही समापन अवसर पर डॉ चिन्मय पण्ड्या ने समाज सेवा में लगे सक्रिय कार्यकताओं को सम्मानित किया तथा स्थानीय कार्यकतओं ने भी डॉ, चिन्मय पण्ड्या का सम्मान एवं आभार व्यक्त किया।इस अवसर पर सुरेश परिहार, राजकुमार ठुकराल, शिव कुमार अग्रवाल, डा. मनोज कुमार शर्मा, सरदार सुरजीत सिंह ग्रोवर, संजीव गुप्ता, पूर्व मेयर रामपाल सिंह, दिवाकर पाण्डेय, अशोक कुमार छाबड़ा, अनुज अग्रवाल, अरूण कुमार शर्मा, डी के शर्मा, राजेश शैली, जोगेन्द्र सिंह, भोला प्रसाद यादव, त्रिभुवन शर्मा, सुशील कुमार शर्मा, सर्वेन्द्र कुमार शर्मा, चन्द्रसेन गंगवार, डा. शांत लाल, कन्हैया खंडेलवाल, अजय कुमार गोयल, अंशुल टंडन, विशाल खेड़ा, हिमांशु शुक्ला, अभि अग्रवाल, वीरेन्द्र सुखीजा, आशीष छाबड़ा, कमल सोनकर, संजीव गुप्ता, विकास बंसल, मनोज गुप्ता, सुरेन्द्र गुप्ता, राज कोली, रवि साहू, श्रद्धानंद, डा. संतोष विश्वकर्मा आदि मौजूद रहे।











